
दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 97 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार 08 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा बताया

**ट्रेड डील के बाद इंडियन मैप शेयर किया; सोशल मीडिया पर वायरल**



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतरराष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है।

### नवजोत कौर सिद्धू का राहुल गांधी पर तीखा वार, बोलीं- पप्पू का ठप्पा उन्होंने खुद लगवाया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब की पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर जमीनी हकीकतों से कटे रहने और पार्टी कार्यकर्ताओं की बात न सुनने का आरोप लगाया। ट्वीटर पर कई पोस्ट में सिद्धू ने कहा कि गांधी के पास जमीनी स्तर से उठने वाली समस्याओं को सुनने का समय नहीं है और इसी वजह से उन्हें पप्पू उपनाम मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व से बार-बार संपर्क करने की कोशिशें नाकाम रहीं।

नवजोत कौर सिद्धू ने एक्स पर लिखा कि पप्पू ने आखिरकार अपना नाम छाप दिया है। एक ऐसा नेता जो खुद को एकमात्र ईमानदार और ज्ञानी समझता है, ज़मीनी हकीकतों से पूरी तरह बेखबर।

### सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट केस में कोर्ट को जवाब

**वोटर लिस्ट-नागरिकता सरकार के मसले; क्रिमिनल कोर्ट का निजी शिकायत पर एक्शन लेना सही नहीं**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है। यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

स्पेशल जज विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिए दायर जवाब में सोनिया ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी।

**सोनिया ने कोर्ट को दिए जवाब में क्या-क्या कहा**-शिकायतकर्ता ने ऑथेंटिक रिकॉर्ड की जगह अनुमानों, मीडिया रिपोर्टों और व्यक्तिगत धारणाओं के आधार पर लापरवाही से गंभीर आरोप लगाए हैं।

# 'Trust' भारत की सबसे बड़ी Currency



# हम टॉप 3 ईकॉनोमी के करीब : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कुआलालंपुर में एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द ही मलेशिया में नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखा है और तब यह 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, लेकिन अब हम शीर्ष तीन में शामिल होने के करीब हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जल्द ही छात्रों को भारत में अध्ययन करने के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति प्रदान करेगा और यह भी बताया कि ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हैं; विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था कि भारत को सिर्फ एक विशाल बाजार के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा कि अब हम निवेश और व्यापार का केंद्र हैं। भारत को विकास के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखा जाता है। चाहे वह ब्रिटेन हो, यूएई हो, ऑस्ट्रेलिया हो, न्यूजीलैंड हो, ओमान हो, यूरोपीय संघ हो या अमेरिका हो, इन सभी देशों के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हैं। भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मलेशिया में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा भारतीय मूल का समुदाय है। भारतीय और मलेशियाई दिलों को जोड़ने वाली कई चीज़ें हैं। आप ही वो जीवंत सेतु हैं जो हमें जोड़ता है। आपने रोटी कनाई को मालाबार परोटा से जोड़ दिया है। नारियल, मसाले और हां, तेह तारिक। कुआलालंपुर हो या कोच्चि, ये स्वाद इतने परिचित लगते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। यह शायद आपकी भाषाओं और मलय भाषा में समान शब्दों की बड़ी संख्या के कारण है। मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में लोकप्रिय हैं। आप सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं। लेकिन भारत में कई भारतीयों को यह पता नहीं था। उनकी पिछली यात्रा के दौरान, वे सुखद रूप से आश्चर्यचकित हुए। भारत में एक पुराना हिंदी गीत गाते हुए उनका वीडियो वायरल हो गया। यह भी बहुत अच्छी बात है कि उन्हें महान एमजीआर के तमिल गाने पसंद हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने अभी-अभी एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी है। 800 नर्तकों ने पूर्ण सामंजस्य के साथ नृत्य किया। यह प्रस्तुति हमारी जनता को वर्षों तक याद रहेगी। मैं सभी कलाकारों को बधाई देता हूं। शनिवार को भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम का 800 से अधिक प्रतिभागियों के नृत्य प्रदर्शन के साथ जोरदार स्वागत किया गया। 800 से अधिक नर्तकों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, यक्षगान, लावणी और ओडिसी सहित भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों की एक मनमोहक प्रस्तुति दी।



### मलेशिया के प्रधानमंत्री से द्विपक्षीय चर्चा करेंगे पीएम मोदी

दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। इस दौरान दोनों देश यह देखेंगे कि भारत और मलेशिया के बीच बनी कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप में अब तक कितना डेवलपमेंट हुआ है और आगे क्या किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बातचीत में व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और लोगों के आपसी संपर्क जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। पी. कुमरन ने बताया कि दोनों देश रेलवे जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, नवीकरणीय ऊर्जा और दूसरे सहयोग के क्षेत्रों पर भी काम करने की सोच रहे हैं। इसके साथ ही छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की संख्या बढ़ाने और मलेशिया में थिरुवल्लुवर सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज खोलने पर विचार हो रहा है। कुमरन ने कहा कि इस यात्रा में 10 साल से मलेशिया में रह रहे भगोड़े जाकिर नाइक के मुद्दों पर भी चर्चा होगी। भारत इससे पहले भी अलग-अलग मौकों पर ये मामला उठा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान 8 फरवरी को भारत-मलेशिया सीईओ फोरम की 10वीं बैठक भी कुआलालंपुर में होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री मलेशिया के बड़े उद्योगपतियों और कारोबारी नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

### मलेशिया में 29 लाख भारतीय रहते हैं

इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। मलेशिया में लगभग 29 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और मलेशिया के रिश्ते बहुत पुराने हैं और इतिहास, संस्कृति और सभ्यता से जुड़े हुए हैं। मलेशिया में रहने वाले भारतीयों का इतिहास भी काफी पुराना है और उन्होंने भारत के आजादी के आंदोलन में भी भूमिका निभाई थी। विदेश मंत्रालय ने ये भी कहा कि भारत और मलेशिया आपसी व्यापार को बैलेंस करने और लंबे समय तक आगे बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके लिए भारत-मलेशिया 'कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक कॉर्पोरेशन एग्रीमेंट' की समीक्षा की जा रही ह

### मोदी बोले- भारत दुनिया का बड़ा इन्वेस्टमेंट सेंटर बन गया

मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है। 2001 में गुजरात में भूकंप आया था। उस समय आप सभी (भारतीय समुदाय) ने मिलकर भारत की मदद की थी। इसके लिए सभी को धन्यवाद। भारत को आजाद कराने के लिए आपके पूर्वजों ने बड़े बलिदान दिए थे। उनमें से कई के भारत में रिश्तेदार और पड़ोसी थे, फिर भी वे सबसे पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में शामिल होने वालों में थे। भारत हमेशा आप सभी को खुले दिल से अपनाएगा।

## मलेशिया पहुंचे मोदी को रिसीव करने खुद पहुंचे पीएम इब्राहिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए। वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा, यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा- पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।

**मोदी बोले- भारतीयों ने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा**

पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा-मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं।

## मौसम : राजस्थान में पारा 32 डिग्री के ऊपर पहुंचा

### 5 दिन तक सामान्य रहेगा मौसम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम के बदलाव का दौर शुरू होने के साथ ही तापमान बढ़ने लगा है। शनिवार को प्रदेश के सभी शहरों में दिन में तेज धूप रही, जिससे अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई।

प्रदेश में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। तेज धूप से दिन में लोगों को हल्की गर्मी महसूस हुई, जबकि सुबह-शाम तापमान में बड़ी गिरावट होने से तेज सर्दी रही। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले 5 दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटों में जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, जयपुर, अजमेर, उदयपुर समेत तमाम शहरों में आसमान साफ रहा। शुक्रवार सुबह से प्रदेश में अच्छी धूप रही और दिन चढ़ने के साथ सूरज की तपिश बढ़ने लगी।

बाड़मेर में अधिकतम तापमान (2.3 डिग्री बढ़कर) 32.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जालौर, पाली में अधिकतम तापमान 30-30 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर 29.6 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 29.8 डिग्री सेल्सियस, डूंगरपुर, दौसा में 29.1 डिग्री सेल्सियस, चित्तौड़गढ़ में 29.8 डिग्री सेल्सियस, उदयपुर में 29 डिग्री सेल्सियस और बीकानेर में 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

इन शहरों के अलावा जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, पिलानी, फलोदी, गंगानगर में भी कल दिन में हल्की गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

### फतेहपुर, नागौर सबसे ठंडे, पारा 5 डिग्री से नीचे

दिन में तेज धूप और हल्की गर्मी से पहले शुक्रवार को सुबह प्रदेश में तेज सर्दी रही। दौसा, करौली, फतेहपुर, नागौर, सीकर में कल न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा ठंडे इलाके फतेहपुर और नागौर रहे, जहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## हादसा : सूरजकुंड मेले में झूला गिरा

### पुलिस इंस्पेक्टर सहित 2 की मौत, 13 घायल

बढ़ता राजस्थान

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले में शनिवार को एक झूला गिर गया। हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। घायलों का निजी और बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के बाद डिप्टी कमिश्नर आयुष सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे और मेला ग्राउंड को खाली करा दिया गया। झूले पर 18 लोग बैठे हुए थे। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, इसमें झूला ऊपर से नीचे आते हुए गिरता हुआ दिख रहा है। इसके बाद मेले में लोग इधर-उधर भागने लगे।

पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा-झूला क्षेत्र में एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ। पूरे



मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। सभी घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। 39वां इंटरनेशनल सूरजकुंड क्राफ्ट मेला 31 जनवरी को शुरू हुआ था, इसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया। यह मेला 15 फरवरी तक चलेगा। इसमें भारत के 30 राज्यों के लगभग 1150 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही 46 देशों के कलाकार भी पहुंचे हैं।

## पटना में बेटी को न्याय दिलाने की जंग! पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर राहुल बोले- आवाज दबाई जा रही

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पटना के एक हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा की मौत के मामले में न्याय की मांग करने के कारण पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया गया है। ट्वीटर पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि पप्पू यादव की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध है, जिसका उद्देश्य इस मामले से जुड़ी आवाजों को दबाना है। उन्होंने कहा कि इस बेटी के लिए न्याय की आवाज बनकर खड़े रहे मेरे साथी सांसद पप्पू यादव जी। उनकी आज की



गिरफ्तारी स्पष्ट रूप से राजनीतिक प्रतिशोध है, जिसका उद्देश्य जवाबदेही की मांग करने वाली हर आवाज को डराना और चुप कराना है।

पप्पू यादव को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया, क्योंकि वे 1995 के एक कथित भूमि विवाद मामले में पेश नहीं हुए थे। पूर्णिया सांसद ने अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई थी। उन्होंने कहा कि मुझे शक है कि इन्हीं लोगों ने मेरी हत्या की होगी। मैं सीधे अदालत जाऊंगा। मैं पुलिस स्टेशन नहीं जाऊंगा। अगर वे चाहें तो मुझे नजरबंद कर सकते हैं। कांग्रेस नेता ने भाजपा-एनडीए गठबंधन पर अपराधियों को बचाने के लिए मामले को पटरी से उतारने और परिवार को परेशान करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में संदिग्ध मौत और उसके बाद की पूरी घटनाक्रम ने एक बार फिर व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है।

# राज्यमंत्री ने शिविर में किया लाभार्थियों से संवाद

**मेर मंडवाड़ा में शिविर का अवलोकन**




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने शनिवार को मेर मांडवाड़ा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही लाभार्थियों से संवाद किया। साथ ही समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान लाभार्थियों को पट्टे, शुद्धीकरण, आवेदन पत्र, रजिस्ट्रीकरण सहित विभिन्न दस्तावेज सौंपे। कार्यक्रम में जिला प्रमुख अर्जुनराम, प्रधान हंसमुखकुमार, भूपेन्द्र देवासी, तहसीलदार जगदीश विश्नोई आदि उपस्थित थे।

# रेखा यादव महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश तथा अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा की अनुशंसा पर महिला कांग्रेस राजस्थान की प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह ने कोटपूतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी की महिला जिला कार्यकारिणी घोषित की है। इस कार्यकारिणी में मांजूकोट के पंडितपुरा निवासी रेखा यादव को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत एवं महिला जिलाध्यक्ष मंजू रावत की अनुशंसा पर की गई है। जिम्मेदारी मिलने पर रेखा यादव ने प्रदेश नेतृत्व, महिला कांग्रेस संगठन और जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। रेखा यादव ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्य करेंगी।

## संभागीय आयुक्त ने दिए मॉनिटरिंग के निर्देश

**सिरोही(नि.स.)।** संभागीय आयुक्त प्रतिभासिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक में बजट घोषणा के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बंधित बजट घोषणाओं के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। ग्राम उत्थान शिविरों की प्रगति रिपोर्ट भी जानी तथा प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, डीएफओ अजीत उचोई, टीएडी उपायुक्त राजलक्ष्मी गहलोत, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल आदि मौजूद रहे।

## खाम्बल में राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

**सिरोही(नि.स.)।** ग्राम पंचायत खाम्बल के अणगौर में गत 5 वर्षों में किए गए करीब सवा करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। मुख्य आतिथ्य पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी का रहा। उन्होंने ग्राम पंचायत खाम्बल में खेल मैदान, आखरिया चौक व श्मशानघाट की चार दीवारी निर्माण कार्य, श्मशान घाट भूमि परकोटा, प्राथमिक विद्यालय अणगौर में प्रार्थना स्थल, सीसी रोड, सारणेश्वर मंदिर के बाहर टीन शेड, बापू उद्यान शिव शक्ति वाटिका निर्माण, अमृत सरोवर घाट निर्माण व चारागाह विकास तारबंदी का लोकार्पण तथा सार्वजनिक पुस्तकालय व रपट का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख अर्जुनराम, प्रधान हंसमुखकुमार, गणपतसिंह राठौड़, नारायणसिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय अन्डर-15 कुश्ती प्रतियोगिता आज से

**उदयपुर (नि.स.)।** श्री चतुर्भुज हनुमान राष्ट्रीय व्यायामशाला समिति व जिला कुश्ती संघ की ओर से रविवार से स्वर्गीय उस्ताद ओमप्रकाश सेन की स्मृति में दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-15 बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता एम बी ग्राउण्ड के अटल बिहारी मल्टी परपज इन्डोर हॉल में आयोजित की जा रही है। प्रयितोगिता का उद्घाटन रविवार प्रातः 11 बजे होगा। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य भर से 350 से अध्यक्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जो 30 गोल्ड,30 सिल्वर व 60 ब्रॉन्ज मेडल के लिये खेलेंगे। प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेताओं को सरकार की ओर से 1 लाख,सिल्वर मेडल विजेताओं को 50 हजार तथा ब्रॉन्ज मेडल विजेताओं को 25 हजार रूपयें मिलेंगे। अतिथियों के स्वागत एवं सत्कार के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

## सिटीकार्ट शोरूम का उद्घाटन आज

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर शहर में अपने नए फैशन और परिधान रिटेल स्टोर सिटीकार्ट का बीबीसी कॉम्प्लेक्स, सविना मेन रोड, सविना लेबर सर्कल के पास भव्य उद्घाटन होगा। शोरूम के रविन्द्र सिंह व मोहित गौर ने बताया कि हमारा उद्देश्य उदयपुर के निवासियों को एक ही छत के नीचे किफायती और गुणवत्तापूर्ण फैशन उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर शहर विधायक ताराचंद जैन,ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,भ्राजपा याहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़,पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद सामर,भाजपा महामंत्री देवीलाल सालवी,मंडल अध्यक्ष महेश पुरी,पूर्व पार्षद आशीष कोठारी,भाजपा महामंत्री पंकज बोराणा मौजूद रहेंगें।

## प्रागपुरा पुलिया पर ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, खाटूश्याम जा रहे श्रद्धालु बाल-बाल बचे

**पावटा (नि.स.)।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे प्रागपुरा पुलिया के पास एक सड़क हादसा हो गया। खाटूश्यामजी दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बैलेनो कार को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि सौभाग्य से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कार चालक मनोज कुमार पुत्र सरजीत यादव, निवासी ततारपुर (तहसील मानेसर, जिला गुरुग्राम, हरियाणा) ने बताया कि वे अपनी कार से परिवार के सदस्यों माता कविता देवी, पत्नी ज्योति यादव, सास नीलम और साले ऋषभ के साथ रींगस स्थित खाटूश्याम मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन प्रागपुरा पुलिया के पास पहुंचा, पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रारंभिक जांच में ट्रक के अनियंत्रित होने और लापरवाही से चलाने को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बचपन की पोटली में भीख के सिक्के प्रशासन की चुप्पी पर एक बड़ा सवाल

बढ़ता राजस्थान




**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ की सड़कों, रेलवे स्टेशनों और दौड़ती ट्रेनों में आज एक भयावह दृश्य आम हो गया है हाथ फैलाते नन्हें बच्चे। जिस उम्र में इन बच्चों के हाथों में रंगीन पेंसिलें और स्कूल का बस्ता होना चाहिए था, उस उम्र में वे 'भीख' के खेल का हिस्सा बना दिए गए हैं।

कहते हैं बच्चे देश का भविष्य होते हैं, लेकिन जब भविष्य ही सड़कों पर भीख मांगता नजर आए, तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है। श्रीगंगानगर की व्यस्त सड़कों, रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में इन दिनों मासूम बच्चों का भीख मांगना एक बड़ी समस्या बन चुका है। यह केवल गरीबी नहीं, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता का भी प्रतीक है।

**प्रशासन की 'बंद' आँखें**

राज्य और केंद्र सरकार द्वारा बाल कल्याण के लिए करोड़ों का बजट आवंटित किया जाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति और चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी संस्थाएं कागजों पर तो बेहद सक्रिय हैं, लेकिन जमीन पर इनका असर दिखाई नहीं देता। आखिर क्या कारण है कि प्रशासन की नाक के नीचे इन बच्चों का बचपन छीना जा रहा है और जिम्मेदार मौन हैं?

**योजनाओं का लाभ किसे?**

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों की शिक्षा और पोषण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'नि:शुल्क शिक्षा' तक के वादे किए जाते हैं, मगर इन खानाबदोश और मजबूर बच्चों तक ये योजनाएं क्यों नहीं पहुँच पा रही हैं? क्या ये बच्चे हमारे तंत्र की गणना में शामिल नहीं हैं? सड़कों पर बढ़ती बच्चों की यह तादाद अक्सर किसी बड़े भिक्षावृत्ति गिरोह की ओर या मजबूरी की तरफ इशारा करती है। सिर्फ सहानुभूति जताने से बदलाव नहीं आएगा। श्रीगंगानगर प्रशासन को चाहिए कि वह इन बच्चों के पुनर्वास के लिए ठोस अभियान चलाए। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के तौर पर हमारी भी विफलता है। जब तक हम भीख देकर इस कुप्रथा को बढ़ावा देंगे, तब तक इन बच्चों का बचपन सड़कों पर ही नीलाम होता रहेगा। सवाल यह नहीं कि ये बच्चे सड़कों पर क्यों हैं, सवाल यह है कि इन्हें सड़कों से बचाने वाले कहाँ हैं?

# पूंछरी का लोठा में कांग्रेस की चौपाल आयोजित कर मनरेगा बचाओ संग्राम पर की चर्चा

**महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, नियम विरुद्ध कार्वाई पर आंदोलन की दी चेतावनी**



बढ़ता राजस्थान

**डीग,( नि.स. )।** डीग के गांव पूंछरी का लोठा में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष स्वेता यादव के नेतृत्व में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम की जानकारी दी गई एवं आगामी पंचायत समिति चुनावों को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से कांग्रेस नेताओं को अवगत कराया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में सैकड़ों वर्षों से बसे लोगों के घरों पर नियम विरुद्ध लाल निशान लगाकर उन्हें उजाड़ने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव को सहमति में लिए बिना सरकार और जिला प्रशासन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाकर कार्रवाई करने पर आमादा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पूर्व में ट्रीरी रोड स्वीकृत हो चुका है, लेकिन अभी तक उसका निर्माण नहीं कराया गया। जिसके चलते परिक्रमा मार्ग में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। उनका कहना था कि यदि ट्रीरी रोड का निर्माण करा दिया जाता तो जाम की समस्या नहीं होती, लेकिन सरकार सड़क बनाने के बजाय लोगों के आशियाने तोड़ने की कार्रवाई कर रही है।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष स्वेता यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री से उनकी मांग है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर कार्रवाई नियमों के अनुसार ही की जाए। यदि प्रशासन द्वारा नियम विरुद्ध कार्रवाई की जाती है तो वह ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन करेंगी।

चौपाल में डूंगर दास महाराज, कैप्टन जगवीर सिंह, मकसूदन शास्त्री, जगदीश प्रसाद मुखिया, शेर सिंह शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, करण सिंह, बृजेश शर्मा, रघुवीर फौजदार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# 44 आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण मार्च तक पूरा करे- सिनसिनवार

**उपनिदेशक ने बैठक लेकर पोषाहार वितरण, आभा-अपार आईडी और नए भवन प्रस्तावों पर की चर्चा**

**महिला एवं बाल विका44 आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करने के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान



**डीग,( नि.स. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग प्रशिक्षण निदेशालय के उपनिदेशक बनवारी लाल सिनसिनवार ने शनिवार को डीग जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों व महिला सुपरवाइजर्स की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अपार आईडी और आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया तेज करने, पोषाहार वितरण को एफआरएस प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित करने, जिले में स्वीकृत आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य को गति देने तथा जर्जर भवनों के स्थान पर नए भवन निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर शौचालय निर्माण के प्रस्ताव भी तत्काल तैयार कर भेजने को कहा।

बैठक में बताया गया कि डीग जिले में 44 आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हुए हैं, जिनका निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूरा किया जाना है। इसके अलावा जिले के 151 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए बजट प्राप्त हुआ है, जिस पर कार्य प्रारंभ किया जाना है। उपनिदेशक सिनसिनवार ने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

बैठक में उपनिदेशक डीग सिकरामाराम चोयल, सीडीपीओ डीग इंदु सक्सैना, सीडीपीओ नगर योगिता शर्मा, सीडीपीओ कामा राजेश मीणा, सीडीपीओ कुम्हेर महेन्द्र अवस्थी सहित महिला सुपरवाइजर व कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक के बाद उपनिदेशक ने मनोताकला, पान्होरी तथा डीग शहर की वार्ड संख्या 4 और 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# श्री कृष्ण गौशाला कमेटी प्रागपुरा का विस्तार, नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** कस्बे के गोपीनाथ मंदिर स्थित प्रागपुरा के श्री कृष्ण गौशाला परिसर में शनिवार को गौशाला के संचालन एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गौशाला कमेटी अध्यक्ष बजरंग लाल चौधरी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से गौशाला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर मनोनयन किया गया। सेवानिवृत्त थानेदार रामजीलाल सैनी को संरक्षक, रतन लाल जोशी को कोषाध्यक्ष, श्याम सुंदर शर्मा को सचिव, साधूराम यादव एवं महावीर चावला को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। रख-रखाव समिति में रोहिताश यादव को मंत्री, जयप्रकाश यादव को प्रचार मंत्री तथा महिपाल जाट को प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही उपेन्द्र सिंह शेखावत, भवानी सिंह, प्रदीप गोयल, विक्रम यादव, श्रीराम जाट, शक्ति सिंह, कैलाश चंद गोठवाल, दीपक हाडिया, कुंदन स्वामी, हेमंत ब्रजेश एवं अंजनी शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में पूर्व सैनिक देवेन्द्र यादव, अभिषेक शर्मा, सुवालाल जांगिड़, बाबूलाल यादव, कालूराम महावर, महेश जाट, प्रमोद शर्मा, मोनू भागोती, हिरालाल सैनी, नागरमल यादव, रामकरण टांटला, दिलीप गोयल, मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सुरक्षित बचपन, सशक्त महिलाएं: अधिकारों की समझ से ही रुकेगी हिंसा

**घरेलू हिंसा से बचाव और गुड टचदृबैड टच की जानकारी ने बढ़ाया आत्मविश्वास**

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से भुवाणा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रथम तल पर संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर की ओर से सायरा के आंगनवाड़ी केंद्र पर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चुनौतियों के बीच घरेलू हिंसा से बचाव और गुड टचदृबैड टच की जानकारी देने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को घरेलू हिंसा की पहचान, उससे बचाव के उपाय और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई, वहीं बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में सरल भाषा में समझाया गया।

केंद्र प्रबंधक किरण पटेल के निर्देशन में विशेषज्ञों ने बताया कि घरेलू हिंसा केवल शारीरिक मारपीट तक सीमित नहीं होती, बल्कि मानसिक, भावनात्मक, आर्थिक और मौखिक उत्पीड़न भी इसके अंतर्गत आता है। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन करना मजबूरी नहीं है और इसके खिलाफ कानून में सख्त प्रावधान मौजूद हैं। उन्हें घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला हेल्पलाइन नंबर और नजदीकी सहायता केंद्रों की जानकारी दी गई। बच्चों के लिए आयोजित सत्र में गुड टचदृबैड टच की अवधारणा को चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि कौन सा स्पर्श सुरक्षित होता है और कौन सा असुरक्षित। साथ ही यह भी सिखाया गया कि यदि कोई उन्हें असहज महसूस कराए तो तुरंत ना कहें और अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि डरने या शर्माने की जरूरत नहीं है और अपनी बात खुलकर कहना उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी है। विशेषज्ञों ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों से खुलकर संवाद करें और उनके व्यवहार में होने वाले बदलावों पर ध्यान दें। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सुरक्षा, भरोसे और आत्मविश्वास का माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की योजना है, ताकि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित और सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में केस वर्कर सुमित्रा चैबीसा, आईटी वर्कर लीला मीणा, साथिन राजूदेवी ने भी विचार रखे।

# डी पी एस, उदयपुर में भव्य रूप से समारोहपूर्वक मनाया कक्षा प्रेप का ग्रेजुएशन डे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** विद्यार्थियों की अद्वितीय प्रतिभा, योग्यता और सफलता का उत्सव मनाने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में कक्षा प्रेप सी बी एस ई तथा कैंब्रिज शाखा के छात्रों का ग्रेजुएशन डे समारोह उमंग और उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य थीम 'कलर्स ऑफ इंडिया' पर आधारित थी। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ हुई। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के उप कुलपति कर्नल प्रोफेसर श्री शिवसिंह सारंगदेवोत ने दीप प्रज्वलन किया।

इस अवसर पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के उप कुलपति कर्नल प्रोफेसर श्री शिवसिंह सारंगदेवोत तथा विशिष्ट अतिथि अर्थ डायग्नॉस्टिक के सीईओ अरविंदर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ लोकेश भारती सुप्रसिद्ध डॉक्टर चिरायु पामेचा तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधिक्षक श्रीमती अंजना सुखवाल का स्वागत व अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नन्हे- मुन्नों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने अनेक रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए, जिसमें भारतीय संस्कृति, लोककला, राष्ट्रीय चिह्नों, खेल तथा आध्यात्मिकता की सुंदर झाँकी दिखाकर अद्भुत समां बाँधा। मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिवसिंह सारंगदेवोत ने कक्षा प्रेप के छात्रों को विधिवत गाउन तथा टोपी पहनाकर प्रमाण -पत्र डिग्री के रूप में दिया।



शाला के प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बाल्यकाल से ही मंच पर आना और दर्शकों के समक्ष प्रस्तुति देना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है जो उनके व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है।

## वार्ड 26 में जल मंदिर का हुआ उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** वार्ड नंबर 26 की जय गुरुदेव कॉलोनी में शुक्रवार देर शाम वार्ड की पार्षद दीपा गंगावत ने नगर पालिका के द्वारा निर्मित जल मंदिर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया ।पार्षद दीपा गंगावत ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले जय गुरुदेव कॉलोनी में उनकी अभिशंसा पर बनाई गई यह पानी की टंकी लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी।

**पार्षद दीपा गंगावत ने**

इससे पहले भी वार्ड 26 में सीताराम जी मंदिर के सामने सरकार से श्री फेस बोरिंग व जल मंदिर बनवाकर उद्घाटन किया गया था।

इस मौके पर पूर्व पार्षद विष्णु गंगावत सहकारी समिति रींगस के उपाध्यक्ष सतीश खेमका मक्खन लाल नायक रामचंद्र काला भागीरथमल चौहान बाबूलाल कुमावत प्रहलाद सिंह शेखावत नेहा शर्मा रिंकू देवी शर्मा शांति देवी रजनी शर्मा नरेंद्र महरिया पन्नालाल शर्मा रतन सिंह तंवर हजारीलाल करण पेंटर सहित कॉलोनी वासी उपस्थित थे ।पार्षद दीपा गंगावत की ओर से सभी को मिठाई वितरित की गई और 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया।

## जगद्गुरु निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज' के दिव्य सान्निध्य में गूंजा ई.वी. पब्लिक स्कूल,मेधावियों का सम्मान, विद्यार्थियों पर बरसा आशीर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कालवाड़ रोड,हाथोज)।** ई.वी. पब्लिक स्कूल में 'शुभ आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संतों के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्याम शरण देवाचार्य 'श्रीजी महाराज' (सलेमाबाद) ने बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हातोज धाम के स्वामी एवं हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य जी महाराज ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं माँ भगवती के दर्शन से हुई। संस्था के निदेशक नरेन्द्र वशिष्ठ तथा संस्थापक रमेश वशिष्ठ एवं नीरज वशिष्ठ ने संतों का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह मे श्रीजी व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रेमराज स्वामी,रामबाबू कुमावत,सोहन लाल शर्मा, घनश्याम शर्मा, पंचायत समिति सदस्य मुकेश शर्मा, ओम प्रकाश स्वामी, अर्जुन सारण, ज्ञानेश जैन, शैतान सिंह चौहान, मनमोहन यादव, पंकज शर्मा देवेन्द्र सिंह राठौड़, सी .पी. यादव, राकेश शर्मा ,संजीव अग्रवाल, कनिष्क वशिष्ठ, शंबू सिंह सहित विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संतों के प्रेरक आशीर्वचनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संस्कार एवं सफलता की नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## कन्या महाविधालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष षिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)** । कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविधालय में शनिवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों ईकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम ने अपने संबोधन में छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनने और राष्ट्र सेवा के योग्य श्रेष्ठ नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाओं के बहुआयामी व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता हैं। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में फोकस, सतत अभ्यास, तकनीकी दक्षता और कौशल विकास को सफलता का आधार बताया। विशिष्ठ अतिथि प्रो. अशोक सिंह चौहान ने छात्राओं को सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और विपरीत परिस्थितियों में समन्वय कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशा मुक्त भारत के निर्माण और सोशियल मीडिया के संतुलित उपयोग पर बल देते हुये लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की बात कही। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो. आर.पी. गुर्जर ने कहा कि आज की सशक्त युवतियाँ सशक्त भारत और सशक्त समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करती हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी स्थानीय महाविद्यालय के संयोजक डॉ. जे आर. गुर्जर ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए तीन ग्रामों में छात्रायें स्वच्छता, जागरुकता, स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित करेंगी।

### समयबद्ध, पारदर्शी और सुव्यवस्थित शहरी विकास पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास का फोकस

# भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुनिश्चित हो राजस्थान का सुव्यवस्थित विकास -मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर,(का.स.)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के सभागार में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक लेकर शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार राजस्थान का सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नगरीय विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध, समन्वित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ शहरी विकास कार्यों को गति दी जानी आवश्यक है। उन्होंने बजट घोषणा के अनुसार जयपुर शहर के समीप हाईटेक सिटी जल्द विकसित करने के निर्देश देते हुए इसके लिए अधिकारियों को विशाखापत्तनम की क्वांटम सिटी एवं तेलंगाना की आईटी सिटी का अध्ययन करने को कहा, ताकि आधुनिक शहरी नियोजन, तकनीकी अधोसंरचना और नवाचार आधारित मॉडल को जयपुर में अपनाया जा सके।

मुख्य सचिव ने विभाग में लंबित प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को अधिवक्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा न्यायालयीन प्रकरणों में राज्य सरकार का पक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### विकास कार्यों, बजट और योजनाओं की गहन समीक्षा

बैठक में प्रमुख शासन सचिव देवाशीष पृष्टि एवं जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने वर्तमान में जारी विकास परियोजनाओं एवं भविष्य की कार्ययोजना पर आधारित प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया। समीक्षा बैठक के दौरान श्रीनिवास ने विभाग में ?5 करोड़ से अधिक राशि के प्रगतिरत निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही नगरीय विकास विभाग की बजट घोषणाओं वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की वर्तमान स्थिति, सडक़ों की मरम्मत, नवीनीकरण एवं गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े कार्यों, सीबीयूडी ऐप के प्रभावी उपयोग तथा विभिन्न शहरों के लिए तैयार किए जा रहे मास्टर प्लान की वर्तमान स्थिति एवं आगामी रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में 31 मार्च 2025 तक मासिक राजस्व प्राप्ति, बकाया राज्यांश के विरुद्ध जमा राशि एवं शेष बकाया की स्थिति, लंबित ऑडिट पैरा की समीक्षा की गई तथा माननीय उच्च न्यायालय में लंबित एवं अवमानना प्रकरणों, जिनमें राज्य सरकार द्वारा जवाब प्रस्तुत किया जाना शेष है, पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख शासन सचिव देवाशीष पृष्टि, जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन, सहित नगरीय विकास विभाग एवं जयपुर विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही सभी नगरीय विकास न्यास एवं प्राधिकरण के उच्च अधिकारिय वीसी के माध्यम से जुड़े ।

### ग्लोबल वीपीएल-9 सेमीफाइनल मुकाबले

## जोहरी किंग्स टोंक प्रदेश और मेवाड़ रॉयल्स फाइनल में पहुँचे











बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** ऑल इंडिया ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। करोल ग्राउंड-1, जयपुर में खेले गए दोनों सेमीफाइनल मैचों में जोहरी किंग्स टोंक प्रदेश और मेवाड़ रॉयल्स ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जोहरी किंग्स टोंक प्रदेश ने दमदार प्रदर्शन करते हुए वॉलसिटी-11 को 47 रनों से पराजित किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए जोहरी किंग्स टोंक प्रदेश ने 17.5 ओवर में 156 रन बनाए। टीम की ओर से अनिकेत विजय ने मात्र 15 गेंदों में 40 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। वहीं मीत विजय (28 रन) और शुभम विजय (25 रन) ने भी अहम योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉलसिटी-11 की टीम दबाव में आ गई और 17 ओवर में 109 रन पर सिमट गई। जोहरी किंग्स की ओर से आदित्य विजय और अनिल विजय ने 3-3 विकेट, जबकि नितेश विजय ने 2 विकेट लेकर विपक्षी टीम की रनगति पर अंकुश लगाया।

दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मेवाड़ रॉयल्स ने बेहद रोमांचक संघर्ष में राइजिंग स्टार्स को 1 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए राइजिंग स्टार्स की टीम 17.1 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से सौरभ विजय (26 रन) और कार्तिक विजय (25 रन) ने संघर्षपूर्ण पारियाँ खेलीं। मेवाड़ रॉयल्स की ओर से आदित्य विजयवर्गीय और विजय ने 3-3 विकेट लेकर प्रभावी गेंदबाज़ी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेवाड़ रॉयल्स की शुरुआत भले ही कमजोर रही, लेकिन विवेक ने एक छोर संभालते हुए 49 गेंदों पर नाबाद 50 रन की धैर्यपूर्ण और मैच जिताऊ पारी खेली। टीम ने 16.4 ओवर में 96 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए विवेक को मैन ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। इन दोनों मुकाबलों के साथ वीपीएल 9 को अपने दो फाइनलिस्ट मिल गए हैं।

## जयपुर कांग्रेस को मिली नई ताकत, सुनील शर्मा बने जिला अध्यक्ष, फारूक 'दबंग' ने दी जोरदार बधाई

### वार्ड 136 से पार्षद प्रत्याशी फारूक दबंग बोले- सफाई, सडक़, पानी, बिजली सीवर और बच्चों को शिक्षा व्यवस्था सुधारना मेरी पहली प्राथमिकता

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (बाबू अंसारी) ।** कांग्रेस संगठन को नई मजबूती मिलने के साथ ही सुनील शर्मा के जयपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 136 से कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद फारूक 'दबंग' ने सुनील शर्मा को जिला अध्यक्ष बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मोहम्मद फारूक दबंग ने कहा कि सुनील शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को जयपुर जिले में नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। फारूक दबंग ने इस अवसर पर कहा कि वार्ड 136 की जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद उन्हें लगातार मिल रहा है, और वे पार्षद बनने के बाद क्षेत्र में सफाई, सडक़, पानी, बिजली, सीवर व्यवस्था बच्चों को शिक्षा और जनसुनवाई जैसे मुद्दों पर तेजी से काम करेंगे। उन्होंने कहा, वार्ड 136 में विकास की जरूरत है, और मेरा लक्ष्य है कि जनता की हर समस्या का समाधान ईमानदारी और मजबूती के साथ किया जाए। कांग्रेस हमेशा गरीब, मजदूर और आमजन की आवाज रही है। फारूक दबंग ने यह भी बताया कि वार्ड 136 में लगातार जनसंपर्क अभियान तेज किया जा रहा है, जहां आमजन के सुझाव लेकर क्षेत्र के विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने सुनील शर्मा को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील की।

## अवैध बस संचालन पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 10 बसें सीज, 15 लाख राजस्व की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)** । दिनांक 06 फरवरी 2026 को सूची त्यागी, सचिव, परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा विभाग तथा पुरुषोत्तम शर्मा, आयुक्त, परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभाग को आवंटित राजस्व लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों की अनुपालना में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जयपुर द्वितीय द्वारा एक विशेष प्रवर्तन अभियान प्रारंभ किया गया।

इस विशेष छापेमार अभियान के अंतर्गत आरटीओ जयपुर द्वितीय क्षेत्र में कुल 10 बसों को सीज किया गया। इनमें 7 बसें जयपुर द्वितीय क्षेत्र में, 2 बसें जिला परिवहन कार्यालय शाहपुरा में तथा 1 बस जिला परिवहन कार्यालय कोटपुतली क्षेत्र में सीज की गई। सीज की गई बसों में 5 स्लीपर कोच बसें ऐसी पाई गईं जिनमें गंभीर अनधिकृत परिवर्तन थे, जबकि शेष 5 यात्री बसें बिना वैध परमिट जयपुर से खाटू श्यामजी, रिंगस, सीकर, बीकानेर आदि मार्गों पर अवैध एवं नियमविरुद्ध रूप से संचालित हो रही थीं। इन कार्रवाइयों से लगभग 15 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति की संभावना है।

## पुलिस रिफॉर्म की मांग पर पर आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)** । पुलिस रिफॉर्म (सुधार) की मांग पर आम आदमी पार्टी ने एम आई रोड स्थित शहीद स्मारक में धरना प्रदर्शन किया । जयपुर उपाध्यक्ष विनीत शर्मा व भूतपूर्व हेड कांस्टेबल भागीरथ भंवरिया ने बताया कि पुलिस की कार्यक्षमता और जनता से उनका व्यवहार बेहतर करने के लिए उनकी समस्याओं का समाधान करना बेहद जरूरी है । पुलिसकर्मी परेशान है व पुलिस सिस्टम में अंदर से बदलाव की जरूरत है । पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जाना चाहिए, उनका ड्यूटी का समय बहुत अधिक है, कांस्टेबल का प्रमोशन उचित समय पर होना चाहिए, डीपीसी लागू किया जाए, पुलिस कांस्टेबल का वेतन बढ़ाया जाए, बढ़ती आबादी पर पुलिस कर्मियों की नफरी, स्टाफ काफी कम है, बड़े पैमाने पर पुलिस कर्मियों की भर्ती की जरूरत है, थानों को दैनिक कार्यों के लिए पर्याप्त फंड संसाधन दिए जाने की जरूरत है, 80त्न पुलिसकर्मियों को वीआईपी की सुरक्षा सेवा में लगाया जाता है, सिर्फ 20त्न को ही जनता से जुड़े कार्य में लगाया जाता है, इन्वेस्टिगेशन लॉ एंड ऑर्डर इमरजेंसी आदि का पुलिसकर्मियों मे कार्य वितरण होना चाहिए । आप पार्टी के उस्मान खान व धीरेश जैन ने बताया कि पूर्व में आम आदमी पार्टी ने विभिन्न थाने, चौकिया, ट्रैफिक पॉइंट्स पर पुलिसकर्मियों की समस्याओं का सर्वे किया था । प्रदर्शन के दौरान उपाध्यक्ष विनीत शर्मा, पूर्व हेड कांस्टेबल भागीरथ चौधरी, अध्यक्ष अमित दाधीच, उस्मान खान, धीरेश जैन, संगीता सुंडा, नानकराम खटीक, राशिद हसन, मोहसिन कुरैशी, फिरोज कुरैशी, शहज़ाद खान, प्रदीप चौधरी, अंजना शर्मा, रेवती रमन, प्रदीप आसुदानी, माधोलाल सोनी, संजय राम, पिंकू देवी,आदिल आदि मौजूद थे।

### वैदिक होलिका दहन, गोकाष्ठ, जैविक खाद एवं गौ-आधारित अर्थव्यवस्था से आत्मनिर्भरता का मॉडल मजबूत

# मुख्यमंत्री भजनलाल का आभारः स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर हो रही गौशालाएँ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान प्रदेश में गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने की कार्य योजना अब धरातल पर साकार रूप लेती दिखाई दे रही है। वर्ष 2010 से विभिन्न संगठनों एवं अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद द्वारा संचालित गौ-आधारित स्वावलंबन गतिविधियाँ आज एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर चुकी हैं। गाय के गोबर से निर्मित गोकाष्ठ, जैविक खाद, औषधीय उत्पाद तथा पर्यावरण हितैषी सामग्री की बढ़ती मांग इस परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा गौ-संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने हेतु मिल रही प्रेरणा एवं सहयोग के लिए गौ-सेवा से जुड़े संगठनों ने आभार व्यक्त किया है। संगठन प्रतिनिधि संजय पत्रियां ने बताया कि प्रदेश की अनेक गौशालाएँ गोबर आधारित उत्पादों, गौ-कास्ट, जैविक खाद और प्राकृतिक उत्पाद निर्माण के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि 'गौशालाओं को पूर्णतः स्वावलंबी बनाना हमारा प्रथम लक्ष्य है, जिससे गौ-संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सके।' होलिका दहन के अवसर पर इस वर्ष हवन सामग्री युक्त गोकाष्ठ से वैदिक होलिका दहन आयोजित किया जा रहा है, जिसे 'नवसस्येष्टि यज्ञ' के रूप में मनाने की तैयारी है। टोंक रोड स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला में निर्मित गोकाष्ठ का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल वैदिक परंपरा को पुनर्जीवित किया जाएगा। परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता के अनुसार पारंपरिक लकड़ी आधारित होलिका दहन की तुलना में गोकाष्ठ वनों की रक्षा, वातावरण शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा संवर्धन का वैज्ञानिक विकल्प है। पिंजरापोल गौशाला स्थित वैदिक औषधीय पादप केंद्र में महिलाएँ गोबर से गोकाष्ठ एवं अन्य उत्पाद तैयार कर रही हैं, जिससे महिला रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। यहाँ आम नागरिक सीधे पहुँचकर गौ-आधारित उत्पाद खरीद सकते हैं, जो स्वदेशी, पर्यावरण अनुकूल और प्राकृतिक जीवन-शैली को प्रोत्साहित करते हैं। परिषद का लक्ष्य प्रदेश की लगभग 4000 गौशालाओं को गौ-आधारित उत्पादों के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। इसी क्रम में शीघ्र ही गोबर से जैविक खाद के बड़े स्तर पर उत्पादन तथा निर्यात की व्यापक योजना भी तैयार की जा रही है, जिससे गौशालाओं की आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व, राज्य सरकार की प्रतिबद्धता तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के विजन से प्रेरित होकर यह अभियान आगे बढ़ रहा है। राजस्थान की यह पहल अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गौ-आधारित सतत विकास के प्रेरणादायी मॉडल के रूप में उभर रही है।

## सम्पादकीय

# समझौते की रूपरेखा

आखिरकार अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने की घोषणा हो गई। इसी के साथ अनिश्चितता के तमाम बादल छंट गए और यह स्पष्ट हो गया कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापार शुरू हो जाएगा। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का 25 से 18 प्रतिशत तय हो जाना और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए दंडात्मक 25 प्रतिशत टैरिफ का हट जाना राहत की एक बड़ी खबर है। राहत की बात यह भी है कि दोनों देश समझौते को शीघ्र ही अंतिम रूप देने को तत्पर हैं।

समझौते की रूपरेखा के अनुसार भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों, सूखे अनाज, पशु आहार के लिए ज्वार, मेवे, प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पिरिट और अन्य उत्पादों सहित कई प्रकार के खाद्य और कृषि उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। इसी तरह अंतरिम समझौते के बाद भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली जेनेरिक दवाइयों, रत्न, हीरे, विमान के कल-पुर्जों सहित कई वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि पहले यह माना जा रहा था कि भारत से निर्यात होने वाली सभी सामग्री पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इससे यह भी रेखांकित होता है कि समझौता बराबरी के स्तर पर होने जा रहा है। अमेरिकी टैरिफ में कमी से भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर, जैविक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद और कुछ मशीनरी के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

व्यापार समझौते की रूपरेखा यह भी बता रही है कि भारत कृषि और डेरी सेक्टर को संरक्षित करने में सक्षम रहा और वे आशंकाएं सही नहीं थीं कि हमें अमेरिकी दबाव के सामने अपने हितों की अनदेखी करनी पड़ सकती है। इसकी पुष्टि संयुक्त बयान के इस अंश से होती है कि भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने के लिए अमेरिका भारत के अनुरोध पर विचार करेगा।

यह भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देश बाजार पहुंच के अवसरों को और बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। वास्तव में इससे ही दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डालर के व्यापार के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। व्यापार समझौते पर सहमति की जो रूपरेखा सामने आई, वह यह भरोसा दिलाने वाली है कि भारत की निर्यात क्षमता बढ़ेगी और मेक इन इंडिया अभियान को बल मिलेगा।

यदि इस अभियान को सचमुच बल मिला तो भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त होगा और साथ ही सप्लाई चेन में भी उसकी भूमिका बढ़ेगी। आज जब दुनिया के प्रमुख देश यह चाहते हैं कि ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत बड़ी भूमिका निभाए और चीन के दबदबे को कम करे, तब भारतीय कारोबारियों को विश्व बाजार में अपने बलबूते अपनी जगह बनाने के लिए तैयार रहना होगा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 8 फ़रवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1238 - मंगोलों ने व्लादिमीर नामक रूसी शहर को आग के हवाले किया।
- 1785 - 1774 से 1785 तक गर्वनर जनरल रहे वारेन हेस्टिंग्स ने भारत छोड़ा।
- 1872- अंडमान जेल (सेल्यूलर जेल या 'कालापानी') में शेर अली ने गवर्नर पर हमला करके शहादत प्राप्त की।
- 1905 - हैती और उसके आस पास के द्वीप समूहों पर आये जबरदस्त चक्रवाती तूफान से दस हजार लोगों की मौत।
- 1909 - यूरोपीय देश फ्रांस और जर्मनी के बीच मोरक्को संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1943 - स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी के केल से एक नौका के जरिये जापान के लिये रवाना हुये।
- 1971 - दक्षिणी वियतनामी सेना ने लाओस पर हमला किया।
- 1979 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1986 - दिल्ली हवाई अड्डे पर पहली बार प्रीपेड टैक्सी सेवा शुरु की गई।
- 1994 - क्रिकेटर कपिल देव ने टेस्ट मैचों में 432 विकेट लेकर रिचर्ड हैडली के सबसे अधिक विकेट लेने के विश्व रिकार्ड को ध्वस्त किया।
- 1999 - अमेरिकी अंतरिक्ष यान स्टारडस्ट केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना।
- 2002 - भारत व रूस के बीच चार रक्षा समझौते सम्पन्न, विमानवाहक पोत गोर्शकोव का सौदा अटका।
- अमेरिका के साल्ट लेक सिटी में 19वें शीतकालीन ओलंपिक खेल शुरु।
- 2005 - इस्रायल और फ़िलिस्तीन के बीच शर्म अल शेख़ (मिस्र) शिखर सम्मेलन में हिंसा समाप्त करने की घोषणा।
- 2006 - सिओल में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच तीन समझौते सम्पन्न।
- 2007 - भूटान नरेश की प्रथम भारतीय यात्रा।
- 2008-बैंगलौर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस के वरिष्ठ वैज्ञानिक शांतनु भट्टाचार्य को जी.डी. बिड़ाला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उत्तर प्रदेश विधानमण्डल का बजट सत्र प्रारंभ। उड़ीसा के शिशुपालगढ़ में खुदाई के दौरान 2500 वर्ष पुराना शहर मिला।
- अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में जॉन मैक्केन को रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया। अमेरिका के अंतरिक्ष यान अटलांटिस को फ़्लोरिडा के केनवाल से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र आईएसएस के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया।
- 2009- हज़ारों पूर्व सैनिकों ने सरकार की बेरुखी से क्षुब्ध होकर

## विशेष आलेख

# मरुधरा की माटी में अब उगेंगे 'सिलिकॉन' के सपने:भजनलाल सरकार की दूरदर्शी पहल



डॉ नयन प्रकाश गांधी



पिछले इक्कीसवीं सदी का तेल 'डेटा' है, तो उस डेटा को संचालित करने वाला इंजन 'सेमीकंडक्टर' (चिप) है। आज सुई से लेकर उपग्रह तक, और मोबाइल से लेकर मिसाइल तक ,बिना चिप के आधुनिक विश्व की कल्पना असंभव है। ऐसे में राजस्थान सरकार द्वारा 'राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी' की घोषणा करना न केवल एक साहसिक कदम है, बल्कि यह प्रदेश की औद्योगिक दिशा को पारंपरिक ढर्रे से निकालकर फ्यूचर रेडी (भविष्य के लिए तैयार) बनाने का एक शंखनाद है।केंद्र की मोदी सरकार ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के जरिए भारत को चिप निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने का जो बीड़ा उठाया है, राजस्थान सरकार ने उसी मिशन में अपनी आहुति देते हुए डबल इंजन की शक्ति का परिचय दिया है। यह नीति यह साबित करती है कि राजस्थान अब केवल पर्यटन और खनिजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तकनीक की दुनिया में भी अपनी धाक जमाएगा।

**जोधपुर-पाली-मारवाड़: सिलिकॉन वैली बनने की ओर**

नई नीति का सबसे अहम उद्देश्य प्रायोरिटी सेमीकंडक्टर कोरिडोर्स का निर्धारण है। सरकार ने जोधपुर-पाली-मारवाड़ और कांकाणी औद्योगिक क्षेत्रों को इस कॉरिडोर के रूप में चिह्नित कर एक मास्टरस्ट्रोक खेला है। यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और यहाँ औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं।

जब सरकार इन कोरिडोर्स में निवेशकों को फास्ट-ट्रैक भूमि आवंटन और सिंगल विंडो क्लीयरेंस (राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से) देने की बात करती है, तो यह स्पष्ट होता है कि मंशा केवल एमओयू करने की नहीं, बल्कि धरातल पर उद्योग उतारने की है। ओएसएटी और एटीएमपी जैसी इकाइयों पर फोकस करना यथार्थवादी है, क्योंकि चिप निर्माण की पूरी प्रक्रिया में असेंबली और टेस्टिंग एक बड़ा और रोजगार-परक हिस्सा है।

**युवाओं के सपनों को मिलेंगे पंख**

युवा मैनेजमेंट विश्लेषक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि राजस्थान के युवाओं के लिए यह खबर किसी उत्सव से कम नहीं है। हाल फिलहाल अब तक यहाँ के इंजीनियरिंग छात्रों को कोर इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप डिजाइन में करियर बनाने के लिए बेंगलुरु, हैदराबाद या विदेश का रुख करना पड़ता था। सेमीकंडक्टर हब बनने से प्रदेश में 'फैबलेस डिजाइन' का इकोसिस्टम तैयार होगा। इसका सीधा अर्थ है उच्च वेतन वाली व्हाइट कॉलर नौकरियां अब जयपुर और जोधपुर में उपलब्ध होंगी।जब एक बड़ी चिप कंपनी आती है, तो उसके साथ सैकड़ों सहायक उद्योग भी पनपते हैं। लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग, और सर्विस सेक्टर में रोजगार की बहार आएगी। यह पलायन रोकने का सबसे कारगर उपाय सिद्ध हो सकता है।

**चुनौतियां और सरकार की तैयारी**

सेमीकंडक्टर उद्योग की सबसे बड़ी जरूरत निर्बाध बिजली और स्वच्छ पानी है। मरुधरा में पानी हमेशा से एक चुनौती रहा है, लेकिन नीति में निर्बाध रूप से चौबीस घंटे पावर एवं साथ आवश्यक असीमित जल वितरण की उपलब्धता की गारंटी देकर सरकार ने निवेशकों की सबसे बड़ी चिंता को दूर करने का प्रयास किया है। साथ ही, सात साल तक बिजली शुल्क में सौ प्रतिशत छूट और स्टांप ड्यूटी में रियायत जैसे प्रावधान राजस्थान को गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों के मुकाबले एक आकर्षक विकल्प बनाते हैं।

भजनलाल सरकार की यह पहल राजस्थान को उपभोक्ता राज्य कंज्यूमर स्टेट से उत्पादक राज्य प्रोड्यूसर स्टेट में रूपांतरित करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। डबल इंजन सरकार का यह बेहतरीन गठजोड़ ,जहाँ केंद्र फंड और विजन दे रहा है एवं राज्य इंफ्रास्ट्रक्चर और पॉलिसी सहयोग दे रहा है जो कि निश्चित रूप से बहुत बड़ी सफलता का आयाम आने वाले वर्षों में हो सकता है । पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट का मानना है कि यदि इस नीति का क्रियान्वयन उसी उत्साह से किया गया जिस उत्साह से इसकी घोषणा की गई है, तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के किसी गैजेट में लगी चिप पर गर्व से लिखा होगा,मेड इन राजस्थान। यह मरुधरा के सिलिकॉन धरा में बदलने की शुरुआत है।

# वैलेंटाइन डे: क्षणिक उत्सव या शाश्वत समझ?



अमिता शर्मा

*इन पाँच सोनेटों के झरोखे से देखने पर वैलेंटाइन डे का अर्थ पूरी तरह बदल जाता है। यह केवल एक दिन 'आई लव यू' कहने का औपचारिक अवसर नहीं रह जाता, बल्कि प्रेम को स्थायी, ईमानदार और उत्तरदायी बनाने की प्रतिज्ञा बन जाता है। शायद यही वह बिंदु है जहाँ शेक्सपियर का प्रेम दर्शन मीरा की कृष्ण भक्ति के धरातल से आकर मिल जाता है। यहाँ प्रेम केवल एक बाहरी उत्सव नहीं रह जाता, बल्कि स्वयं को पूर्णतः अर्पित कर देने की एक 'मौन साधना' बन जाता है। अतः, आज आवश्यकता इस बात की है कि हम किसी को गुलाब देने से पहले उस प्रेम की खुशबू को पहचानें, जो समय के थपेड़ों और सत्य की कसौटी*

आज का वैलेंटाइन डे अक्सर लाल गुलाब, महंगे उपहारों और सोशल मीडिया पर चमकने वाली 'फिल्टर्ड' तस्वीरों तक सीमित रह गया है। प्रेम यहाँ एक वार्षिक आयोजन बन गया है—जो क्षणिक है, चमकदार है और अक्सर सतही है। ऐसे दौर में जब रिश्ते 'राइट स्वाइप' और 'ब्लॉक' के बीच झूल रहे हैं, विलियम शेक्सपियर के प्रेम-सोनेट हमें याद दिलाते हैं कि प्रेम केवल प्रदर्शन की वस्तु नहीं, बल्कि आत्मसात् करने का विषय है।

### अडिगता का प्रमाण: सोनेट 116

शेक्सपियर का सोनेट 116 प्रेम को उसकी पूर्णता में परिभाषित करता है। वे लिखते हैं Love is not love which alters when it alteration finds। यह वह प्रेम नहीं है जो परिस्थितियाँ बदलते ही बदल जाए। आज के अस्थिर समय में यह सोनेट हमें सिखाता है कि प्रेम जीवन की आँधियों के बीच एक 'ध्रुव तारे' की तरह है—जो स्वयं नहीं हिलता, पर भटकते हुए जहाजों को मार्ग अवश्य दिखाता है।

### स्वार्थ से सृजन तक: सोनेट 1

अक्सर प्रेम को केवल अपनी खुशी तक सीमित मान लिया जाता है, लेकिन सोनेट 1 सुंदरता और प्रेम की 'नैतिक जिम्मेदारी' की बात करता है। जो प्रेम केवल अपने तक सीमित रह जाता है और बाँटा नहीं जाता, वह समय के साथ संकुचित होकर नष्ट हो जाता है। यह सोनेट प्रेम को आत्मकेंद्रित भावना से निकालकर उसे सृजन और उत्तरदायित्व से जोड़ता है।

### दिखावा बनाम सुगंध: सोनेट 54

आज के दौर में 'आकर्षण' को ही 'प्रेम' समझ लिया जाता है। सोनेट 54 सौंदर्य को नैतिकता के साथ जोड़ता है। शेक्सपियर कहते हैं कि गुलाब केवल इसलिए सुंदर नहीं होता कि वह दिखता अच्छा है, बल्कि इसलिए कि उसमें 'सुगंध' होती है। उसी प्रकार, सच्चा प्रेम केवल शारीरिक आकर्षण से नहीं, बल्कि चरित्र की सच्चाई और साझा मूल्यों से टिका रहता है।

### फिल्टर रहित यथार्थ: सोनेट 130

सोशल मीडिया के इस युग में जहाँ हर कोई 'परफेक्ट' दिखने की होड़ में है, सोनेट 130 सबसे बड़ी चोट करता है। यह किसी का 'देवीकरण' करने या अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशंसा करने का विरोध करता है। यह सिखाता है कि प्रेम किसी को उसकी कमियों और मानवीय सीमाओं के साथ स्वीकार करने का साहस है। जब हम दिखावे के 'फिल्टर' हटा देते हैं, तभी वास्तविक रिश्ता शुरू होता है।

### निष्ठा और वापसी: सोनेट 109

अपूर्णता मनुष्य का स्वभाव है। सोनेट 109 प्रेम में भटकाव और वापसी की बात करता है। दूरियाँ आ सकती हैं, गलतियाँ हो सकती हैं, पर सच्चा प्रेम वही है जो बार-बार उसी केंद्र की ओर लौट आता है। यह प्रेम की एक मानवीय और सच्ची तस्वीर पेश करता है।

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान

### फर्ज




अशरफ मियाँ कहाँ थे आप ? कहाँ थे आप ! मैं समझा नहीं सर ? अशरफ मियाँ इ.ओ. सर ने औचक निरीक्षण किया तो आपकी क्लास खाली पड़ी थी। बच्चे धमाचौकड़ी मचा रहे थे। सर, आप भी बच्चों जैसी बातें कर रहे हैं ! क्लास के चक्कर में हम अपनी इबादत जैसी जरूरी आजमाइशें छोड़ दें क्या ? कमाल है अशरफ साहब, क्या आप नहीं जानते कि क्लास खाली हो तो बच्चे बातों-बातों में आपस में किसी का सर भी फोड़ सकते हैं? सर जी, अगर मामला इतना संजीदा है तो स्कूल का हेड होने के नाते इसकी फिक्र आपको करनी चाहिए। मैं अपनी इबादत का टाइम किसी को नहीं दे सकता। भले ही कुछ भी हो जाए। ठीक है अब तो चले जाओ क्लास में।पापा ! जल्दी घर चलिए, भाई जान घर में बैठे हैं और लगातार रोये चले जा रहे हैं। किसी के चुप कराये नहीं मान रहे। अशरफ सर का बेटा उन्हें पुकारता हुआ बदहवास स्कूल के अंदर आ गया। अकीब लगातार रोये चले जा रहा है ! क्यों क्या हुआ ? पता नहीं पापा, भाई जान कुछ बताएं तब न ! कुछ तो कहता होगा। आखिर हुआ क्या ?लगता है उनकी नौकरी छूट गयी है । मुस्तैदी से काम नहीं तो करेगा नौकरी तो छूटेगी ही। कम्पनी का मालिक क्या उसका चचा लगता है कि वो अपना फर्ज छोडक़र हरामखोरी करेगा और पगार भी लेता रहेगा ! अब अशरफ सर, प्रधानाचार्य की ओर मुखातिब होकर बोले, सर ! घर जाना जरूरी है, नहीं तो साहबजादा इस उमर में भी बच्चों की तरह सिसक - सिसक कर अपनी अम्मी का जीना हराम कर देगा। न जाने हरामखोर कब सुधरेगा !

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

### इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए अदरक, वरना पड़ सकते हैं लेने के देने

1. जो लोग वजन बढ़ाना चाहते हैं - अदरक में फाइबर की मात्रा अधिक होती है और यह शरीर के मैटाबॉलिज्म रेट को काफी बढ़ा देता है। यह पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे भूख कम लगती है और फैट तेजी से बर्न होता है। यदि आप पहले से ही कम वजन की समस्या से जूझ रहे हैं, तो अदरक का अधिक सेवन आपके वजन को और कम कर सकता है और मांसपेशियों में कमजोरी ला सकता है।

2. ब्लीडिंग डिसऑर्डर के मरीज- अदरक में सैलिसाइलेट्स पाए जाते हैं, जो शरीर में खून के प्रवाह को तेज करते हैं और खून को पतला करने का काम करते हैं। यदि किसी को हीमोफीलिया जैसी बीमारी है या खून का थक्का न बनने की समस्या है, तो अदरक का सेवन ब्लीडिंग के खतरे को बढ़ा सकता है। ऑपरेशन या सर्जरी से पहले भी अदरक छोडऩे की सलाह दी जाती है।

3. गर्भावस्था के आखिरी महीनों में -हालांकि शुरुआती दिनों में मॉर्निंग सिकनेस और जी मिचलाने के लिए अदरक अच्छा माना जाता है, लेकिन गर्भावस्था के अंतिम तीन महीनों में इसका सेवन जोखिम भरा हो सकता है। अदरक की गर्म तासीर और इसके ब्लड-थिनिंग गुणों के कारण प्री-मैच्योर डिलीवरी या ब्लीडिंग का खतरा बढ़ सकता है। गर्भवती महिलाओं को इसके सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

4. पित्त की थैली में पथरी होने पर - अदरक शरीर में पित्त के उत्पादन को बढ़ाता है। यदि आपके पित्त की थैली में पथरी है, तो अदरक का अधिक सेवन पित्त के प्रवाह को उत्तेजित कर सकता है, जिससे तेज दर्द और ब्लॉकेज की समस्या पैदा हो सकती है। ऐसे मरीजों के लिए अदरक का अधिक मात्रा में सेवन करना बेहद कष्टदायक हो सकता है। 5. इन बीमारियों से जूझ रहे लोगों को नहीं खाना चाहिए अदरक डायबिटीज अदरक शुगर लेवल को कम करता है, दवा के साथ लेने पर शुगर लेवल 'खतरनाक रूप से नीचे' जा सकता है। हाई ब्लड प्रेशर अदरक बीपी को कम करने में मदद करता है, लेकिन दवाओं के साथ लेने पर यह बीपी को बहुत ज्यादा लो कर सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज प्रेम जीवन में मधुरता घुली रहेगी। आपके और आपके साथी के बीच समझ और अपनापन बढ़ेगा, जिससे रिश्ता गहरा होगा। कारोबार में कुछ उतार-चढ़ाव आपको थोड़ा चिंतित कर सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। व्यापार में कोई लाभदायक सौदा फाइनल हो सकता है और आपकी मेहनत खुलकर रंग लाएगी। माता-पिता के आशीर्वाद से नए घर या प्रॉपर्टी से जुड़ा सपना पूरा हो सकता है।

**मिथुन**
आज आप अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित करने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी रचनात्मक सोच और हुनर की खूब सराहना होगी। कला, लेखन और क्रिएटिव कामों में रुचि बढ़ेगी। घर में किसी अतिथि के आगमन से माहौल आनंदमय रहेगा।

**कर्क**
आज आपके मन में कुछ उलझनें रह सकती हैं, जिससे आप थोड़ा बेचैन महसूस करेंगे। आर्थिक मामलों में कोई भी निर्णय जल्दबाजी में न लें। पारिवारिक मतभेद तनाव बढ़ा सकते हैं, इसलिए संवाद बनाए रखें।

**सिंह**
आज आप ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उनके अच्छे काम के लिए सराहना और प्रोत्साहन मिलेगा। निवेश के लिए दिन अनुकूल है।

**कन्या**
आज आपको हर कदम समझदारी से उठाने की जरूरत है। साझेदारी में काम कर रहे हैं, तो अतिरिक्त सतर्कता बरतें। लंबे समय से रुका हुआ कोई काम पूरा होकर राहत देगा। स्वास्थ्य को नजरअंदाज़ न करें।

**तुला**
आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। आय बढ़ाने के नए रास्तों पर आपका ध्यान जाएगा। हालांकि धन से जुड़ा कोई मामला तनाव बढ़ा सकता है। किसी पुरानी गलती का खुलासा हो सकता है, इसलिए सतर्क रहें। विदेश में पढ़ाई की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को अच्छा अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक**
आज मान सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। परिवार में किसी धार्मिक आयोजन की योजना बन सकती है। अत्यधिक मेहनत के कारण थकान महसूस होगी। मनमौजी स्वभाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है।

**धनु**
आज आप जोश और उत्साह से भरे रहेंगे। कामों में मन लगेगा और नई शुरुआत के संकेत मिलेंगे, खासकर प्रेम संबंधों में। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, इसलिए योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।

**मकर**
आज का दिन जिम्मेदारी और धैर्य से काम लेने का है। यदि पुरानी बीमारी दोबारा परेशान कर रही है, तो लापरवाही न करें। पारिवारिक जीवन में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। हर काम संयम और सोच-समझकर करें।

**कुंभ**
आज आप सामाजिक कार्यों से जुडक़र नाम और पहचान बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। प्रेम संबंधों में चली आ रही कड़वाहट दूर होगी और आपसी समझ बढ़ेगी। बेवजह दूसरों के मामलों में दखल देने से बचें।

**मीन**
आज स्वास्थ्य के लिहाज से दिन काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव और गहराएगा, जिससे आप एक-दूसरे की कमियों को स्वीकार कर रिश्ते में आगे बढ़ेंगे। नौकरी में आ रही किसी समस्या का समाधान किसी जूनियर की मदद से हो सकता है।

# अखाड़े एवं किन्नर समाज में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन सम्राट स्वामी चक्रपाणि महाराज एवं प्रदेशाध्यक्ष पवनकुमार पुनिया ने तनीशा सनातनी को हिन्दू किन्नर महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने बताया कि हिन्दू समाज में किन्नर शक्ति के योगदान को किसी भी प्रकार से नकारा नहीं जा सकता है। जिसको लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनीया, प्रदेश महामंत्री भागीरथसिंह पिलानियां व कोर कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शर्मा झेरलीवाला की अनुशंसा पर तनीशा सनातनी के सनातन धर्म के प्रति निष्ठा व समर्पण को मध्य नजर रखते हुए हिन्दू किन्नर महासभा विंग के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। तनीशा सनातनी को प्रदेशाध्यक्ष घोषित होने पर उनके अखाड़े एवं किन्नर समाज में खुशी की लहर दौड गई। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष तनीशा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की किन्नर शक्ति को संगठन से जोड़ कर किन्नर वर्ग को और आगे बढ़ाना ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान टोंक जिलाध्यक्ष प्रहलाद सुवालका, रमाकान्त शर्मा, राकेश खारोल, पवनकुमार सेन, देशराज गुर्जर, देवलाल गुर्जर, राजेश जांगिड़, मनोहर बैरवा, घासीलाल मीणा, भवानीशंकर चौधरी, नरेन्द्रकुमार शर्मा, रामकिशन नागर, रामकिशन शर्मा, राधेश्याम सेन, रामप्रसाद खारवाल व भागचंद शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष तनीशा को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किए एवं बधाई व शुभकामना दी।

# नो दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर कल से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)। जमात** में स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को उन्नयन समिति के तत्वावधान में नो दिवसीय आवासीय सिलाई स्कूल शिक्षिका प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कॉर्डिनेटर डोली वर्मा ने बताया कि शिविर में 9 दिन तक करीब 30 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे महिलाएं स्वयं का व्यवसाय कर सकें व आत्मनिर्भर बने।

# निवाई रेलवे स्टेशन पर आरक्षण कार्यालय बंद




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे विभाग के निर्देशानुसार आरक्षण कार्यालय बंद कर दिया गया है। स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार मीणा ने बताया कि रेलवे विभाग के निर्देशानुसार वनस्थली रेलवे स्टेशन पर आरक्षण कार्यालय बंद कर दिया गया है जिससे अब यात्रियों को आरक्षित सीट सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे ने प्रतिदिन 25 से कम टिकट आवेदन वाले रेलवे आरक्षण काउंटरों को बंद कर दिया एवं पीआरएस कम यूटीएस टर्मिनल में बदलने का निर्णय लिया है। भारतीय रेलवे ने डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने एवं परिचालन लागत कम करने के लिए यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब यात्री ऑनलाइन या मिश्रित काउंटरों से टिकट ले सकते हैं।

# डोडा-पोस्त और स्मैक के साथ एक महिला समेत 6 गिरफ्तार:2 बाइक, एक कार और कैश भी जब्त; टोंक में डीएसटी की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक जिले को नशामुक्त करने की दिशा में जिला स्पेशल टीम ने शनिवार को 3 पुलिस थाना क्षेत्रों में 13 लाख रुपए कीमत का अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त और स्मैक पकड़ी है। टीम ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक कार और 2 बाइक जब्त की है।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया- इस कार्रवाई में दूनी थाना क्षेत्र में राजमहल के पास एक क्रेटा कार से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार से करीब 7 लाख रुपए कीमत का 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त जब्त किया है।इसी तरह देवली थाना क्षेत्र में जयपुर चुंगी नाके से नासिरदा रोड पर एक महिला से बाजार कीमत करीब 5 लाख रुपए का 25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। साथ ही खरीद फरोख्त के 8460 रुपए बरामद किए है।वहीं डिग्गी थाना क्षेत्र में उपतहसील ऑफिस के पीछे 3 आरोपियों के कब्जे करीब से एक लाख रुपए की अवैध मादक पदार्थ 5.11 ग्राम स्मैक जब्त कर 2 बाइक बरामद की है।

पुलिस थाना दूनी, देवली व डिग्गी में अलग- अलग 3 प्रकरण एनडीपीएस की धाराओं में दर्ज किए गए है और आरोपियो से गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में दूनी थाना क्षेत्र से रामरतन (34) पुत्र अमराव जाट निवासी जोरावरपुरा पुलिस थाना बोराडा जिला अजमेर, नरेन्द्र सिंह उर्फ गज्जू (18) पुत्र नाथूसिंह निवासी जोरावरपुरा, पुलिस थाना बोराडा जिला अजमेर को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डिग्गी थाना क्षेत्र से राकेश (25) पुत्र रामराय जाट निवासी अरण्या पुलिस थाना पचेवर जिला टोंक, संजय (30) पुत्र बद्रीलाल यादव निवासी नैनस्या पुलिस थाना फागी जिला जयपुर, नितिन पुत्र शास्त्री प्रकाश शर्मा निवासी डिग्गी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा देवली थाना क्षेत्र से डीएसटी ने एक महिला को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

**अयोध्या नगरी में, पंचकल्याणक महोत्सव प्रारंभ 6 फरवरी से 11 फरवरी तक मुनि श्री देंगे प्रवचन**

# सिद्धत्व की प्राप्ति तक हर जीव आध्यात्मिक रूप से 'गर्भवती' है, क्योंकि वह निरंतर कर्मों को जन्म रहा है- मुनि श्री प्रणीत सागर जी महाराज

बढ़ता राजस्थान





**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शहर के पास ऊंचा ग्राम पंचायत की पावन भूमि पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ प्रारंभ हो चुका है। ऊंचा ग्राम पंचायत की अयोध्या नगरी में 6 फरवरी से 11 फरवरी तक जारी रहेगा। शनिवार को चल रहे पंचकल्याणक महामहोत्सव मे मुनि श्री प्रणीत सागर जी अपने प्रवचन में कहा कि क्रियाकांड के भ्रम से निकलकर आत्म-तत्व को पहचानें। साथ ही मुनिश्री प्रणीत सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में श्रावकों को धर्म के वास्तविक मर्म से परिचित भी करवाया। यहां मुनि श्री ने कहा कि सिद्धत्व की प्राप्ति तक हर जीव आध्यात्मिक रूप से 'गर्भवती' है, क्योंकि वह निरंतर कर्मों को जन्म रहा है । मुनिश्री ने वर्तमान पूजन पद्धति को मात्र 'जल स्थानांतरण' बताते हुए भावों की शून्यता पर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने माताओं को मरुदेवी जैसा पावन चिंतन अपनाने की प्रेरणा दी है। ताकि समाज को संस्कारित संतानें मिल सकें। तो वही महाराज जी ने स्पष्ट किया कि जब तक खान-पान में शुद्धि और इंद्रियों पर संयम नहीं होगा। तब तक वीतरागता का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता। मुनि श्री ने अपने प्रवचन मे मुख्य संदेश यह भी दिया कि मानव को बाहरी प्रदर्शन को छोडक़र तत्व निर्णय और भेद-विज्ञान द्वारा आत्म-कल्याण करना चाहिए। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ कार्यक्रम के संयोजक पंकज सराफ, दिनेश जैन,विनय कुमार जैन, ने जानकारी में बताया कि शनिवार 7 फरवरी को गर्भ कल्याणक - उत्तर्राद्ध प्रातः 6.30 बजे हुआ अभिषेक-शातिधारा, नित्य पूजन, गर्भकल्याणक पूजन, हवन इत्यादि कार्यक्रम प्रातः 9.00 बजे किए गए-चित्रानावरण, द्वीप प्रज्जवलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, प्रवचन प्रातः 10.30 बजे शुरू हुआ-आहार चर्या दोप. 2.30 बजे किया गया। इसी प्रकार रविवार को जन्म कल्याणक प्रातः6.30 बजे-जिनाभिषेक, जन्म संस्कार आकर शुद्धि, बधाईयाँ का कार्यक्रम प्रारंभ होगा प्रातः 9.00 बजे-चित्रानावरण, द्वीप प्रज्जवलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, प्रवचन दिए जाएंगे,प्रातः 9.30 बजे-जन्माभिषेक जुलूस निकाला जाएगा,प्रातः 10.30 बजे-आहार चर्या शुरू की जाएगी,दोपहर. 2.30 बजे-नित्य पूजन, जन्मकल्याणक पूजन, हवन, वास्तु शाति विधान क्रिया प्रारंभ होगी,सांय 4 बजे फिर से मुनिश्री-प्रवचन देंगे।

# खुलासा: वृद्ध महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, कर्जा चुकाने के लिए की थी लूट

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** पुलिस ने कोडयाई गांव में हुई नृशंस हत्या और लूट का खुलासा करते हुए आरोपी रामलाल जोगी को पकडक़र उससे गहने बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि 03 फरवरी को ग्राम कोडयाई में एक वृद्ध महिला की हत्या की घटना का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्त रामलाल जोगी पुत्र गोपी जोगी उम्र 47 साल निवासी कोडयाई थाना बौली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

आसूचनाओं के संकलन से तथ्य सामने आया कि आरोपी रामलाल नाथ का मृतका के परिवार से अच्छे संबंध थे। दोनो परिवारों में आपस में सभी सामाजिक प्रोग्राम में आना जाना था। आरोपी ने मृतका के बडें पुत्र से 2.5 लाख रूपये का कर्जा भी ले रखा था। मृतका रोजाना खेतों में बकरी चराने जाती थी तथा वही पास में आरोपी काश्त करता था, जिसको मृतका के आने जाने का पूर्ण पता था। घटना के दिन आरोपी का अलग रास्ते से किसी के द्वारा घटनास्थल की तरफ मोटर साईकिल से जाते हुए देखा गया था तथा एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी एक सर्दिग्ध मोटर साईकिल को घटना स्थल के पास सरसों के खेत में देखा गया था। जिसकी गतिविधि संदिग्ध होने पर आरोपी की तलाश की गई तो सामने आया कि वह घटना के बाद से ही घर से गायब है, जो मृतका के करीबी होने के बावजूद भी अन्तिम संस्कार में भी शामिल नहीं हुआ।

## आरोपी की स्वीकारोक्ति

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने इस वारदात को अंजाम देने के लिए दस दिन से ही प्लान बना रखा था, जिसने हत्या के लिए एक कुल्हाड़ी पहले ही सरसों के खेत में छुपा कर रख रखी थी। घटना के दिन आरोपी एक अलग कच्चे रास्ते से मोटर साईकिल से घटना स्थल पर पहुंचा, मोटर साईकिल को करीब एक किलोमीटर दूर ही खड़ा कर दिया था तथा पैदल चल कर बकरी चरा रही महिला के पास आ गया तथा मृतका को विश्वास में लेने के लिए घटना स्थल पर उसके साथ बीडी पी। उसी दौरान मौका देख कर मृतका के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे मृतका बेहोश हो गई उसके बाद दोनो पैर काट कर चांदी के कडे, कानों के सोने के कुडंल व गले का सोने का पैडल ले लिया तथा उसकी गर्दन पर वार कर हत्या कर दी, हत्या के उपरान्त उस कोई शंक नही करे इसलिए आरोपी मोटर साईकिल से गांव व घर पर भी आया था। गिरफ्तारशुदा मुल्जिम रामलाल की निशादेही से मृतका के चांदी के कडें, कानों के सोने के कुडंल व गले का सोने का पैडल बरामद किये जा चुके है।

# खंडार विधायक गोठवाल ने शिवाड़ क्षेत्र का दौरा किया:विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग, कई विकास कार्यों की घोषणाएं कीं

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ (नि.स.)।** खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने शनिवार को शिवाड़ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया और कई विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। भाजपा मंडल महामंत्री सुशील जैन ने बताया कि दौरे की शुरुआत शिवाड़ में बूथ नंबर 3 के कार्यकर्ताओं की बैठक से हुई। विधायक गोठवाल ने पंचायत चुनावों पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा के जनप्रतिनिधियों को पंचायतों में भेजने का आह्वान किया। इसके बाद विधायक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाड़ के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा की और इसे पीएम श्री योजना में शामिल कराने के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कही।

**बालिका शौचालय का शिलान्यास भी किया**

गोठवाल ने विद्यालय में अन्य निर्माण कार्यों के लिए 2 लाख रुपये और एक बड़े हॉल के निर्माण के लिए जल्द ही बजट आवंटित करवाने की घोषणा की। बालिकाओं की सुविधा के लिए बालिका शौचालय का शिलान्यास भी किया गया। उन्होंने शिवाड़ स्थित श्मशान घाट पर सार्वजनिक स्नानघर का निर्माण शीघ्र शुरू कराने का भी आश्वासन दिया।

विधायक ने सारसोप पहुंचकर बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक ली और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इसी दौरान, उन्होंने सारसोप में 1.59 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र (पीएचसी) का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि पीएचसी के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

**शिक्षा ही जीवन है का मुख्य मार्ग- रविप्रकाश शर्मा**

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें नन्हें मुन्ने बालकों द्वारा साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए साथ ही संस्था द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच प्रेमचंद बोहरा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जैन समाज के कोषाध्यक्ष त्रिलोकचंद जैन, भामाशाह राधेश्याम जांगिड़, भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री सीताराम वर्मा, जांगिड़ समाज के सम्मेलन अध्यक्ष महेंद्र जांगिड़, तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़, जिला प्रभारी मनोज भांवता, पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़, उपाध्यक्ष हनुमान सूरिया व विष्णु बहकवा रहे। मुख्य अतिथि डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा ने अपने उद्बोधन मे शिक्षा ही जीवन है का मुख्य मार्ग बताया। संस्था निदेशक रामेश्वर प्रसाद जांगिड ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अतिथियों को आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में मंच संचालन हनुमान सिंहवाडिया व मनीष बहकवा ने सयुंक्त रूप से किया। कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को पारितोषित वितरित करके सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामचरण, प्रभारी प्रहलाद, सम्पत, रविन्दर, सोनू, संजना व लक्ष्मी सहित कई शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा का 21 किलो की माला पहनाकर किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा कल पहली बार गंगापुर सिटी पधारे, जहां उनका युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में भव्य अभिनंदन किया । भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा के आगमन पर युवा संवाद एवं बजट चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने शंकर गौरा का 21 किलो की माला एवं त्रिनेत्र गणेश की तस्वीर भेट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि युवा देश का भविष्य है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन देश में युवा तरुनाई को अग्रिम पंक्ति में लाकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा ने भी उपस्थित युवाओं को संबोधित किया उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक लाख नौकरियों का कैलेंडर जारी कर प्रदेश के युवा को तोहफा दिया है, ये भाजपा में ही संभव हुआ है नहीं तो कांग्रेस सरकार में बहुत पेपर लीक हुए जिससे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है, शंकर गौरा का गंगापुर सिटी में जगह जगह अभिनंदन हुआ । इस दौरान जिला महामंत्री विनोद अटल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, उदय सिंह गुर्जर, दीपक सिंघल, मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, सभापति शिवरतन अग्रवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश लोढ़ी, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक मुरली गौतम, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनवारी जाट, गंगापुर सिटी मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, आमी कटारिया, रघुनाथ वैष्णव, आकाश भारद्वाज, अजय बसवाल, केशव शर्मा, जीपी वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, विकास सैनी, हरचरण सिंह, सीताराम गुर्जर, शेरसिंह मीणा, शुभम भारद्वाज, पवन मुद्ग़ल, उदयभान जाट, मुकेश शर्मा, कपिल जैन, गोविन्द पाराशर, धनेश शर्मा, आभास शर्मा, महावीर चौधरी, सहित सैकड़ों की संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

**तनीशा सनातनी बनी प्रदेशाध्यक्ष**

# पशु चिकित्सा संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण, सेवाओं की गुणवत्ता की जांच

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शासन सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को जिले में पशु चिकित्सा संस्थाओं का संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. राजीव गर्ग , उपनिदेशक एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे तक आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृत्रिम गर्भाधान कार्य में उपयोग होने वाली राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध हिमकृत वीर्य स्ट्रॉ की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की विशेष रूप से जांच की गई तथा निजी फर्मों की स्ट्रॉ की स्थिति का भी सत्यापन किया गया, ताकि पशुपालकों को निर्धारित दरों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि जिले में कुल 58 पशु चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण किया गया, जिनमें 9 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय, 11 पशु चिकित्सालय एवं 38 पशु चिकित्सा उपकेन्द्र शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान सभी संस्थाएं समय पर संचालित पाई गईं तथा जारों में विभागीय हिमकृत वीर्य ही उपलब्ध मिला।

हालांकि पशु चिकित्सा उपकेन्द्र रजवाना के प्रभारी अभिषेक मीणा एवं उपकेन्द्र पावडेरा के कार्मिक जितेन्द्र जाटव निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में दोनों के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए जा रहे हैं।

# विराट हिंदू सम्मेलन आज, तैयारियां पूरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष शताब्दी वर्ष में शिव बस्ती( इंदिरा कॉलोनी, बाल मंदिर कॉलोनी, केशव नगर, राजनगर, वीरेंद्र नगर, बावरिया बस्ती, बाल्मीकि बस्ती) का विराट हिंदू सम्मेलन 8 फरवरी (रविवार) को मान टाउन क्लब में दोपहर 2.00 बजे आयोजित किया जाएगा! सम्मेलन में ठीगला बालाजी के संत बालक दास, गुरुद्वारा सिंह सभा के ज्ञानी अमरजीत सिंह, परम पूज्य बाल व्यास संत साहिब आदि संतों का आशीर्वाद प्राप्त होगा!

इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक जगदीश प्रसाद गर्ग जड़ावता वालों सहित नगर के प्रबुद्ध जनों अतिथियों का सानिध्य प्राप्त होगा! सम्मेलन से पूर्व नीलकंठ महादेव से दोपहर 12.00 बजे कलश यात्रा निकाली जावेगी जो सभी कॉलोनी से होकर सम्मेलन स्थल तक पहुंचेगी!

सम्मेलन के सहसंयोजक डॉ बृजबल्लभ शर्मा ने बताया कि राष्ट्र की एकता अखंडता सामाजिक समरसता, संस्कृति एवं संस्कार की रक्षा के लिए सभी बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आग्रह किया है।

# धार्मिक प्रवृति ही सनातन धर्म की रीढ़:शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्यामपुरा के राजस्व गाँव ढाणी भगतसिंह वाली में शिव परिवार,बालाजी महाराज,कुलदेवता पहाड़सिंह की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस मौके पर बोलते हुए वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्याय व सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष तथा स्थानीय ग्रामीण बृजमोहन शर्मा ने कहा कि धार्मिक प्रवृति ही सनातन धर्म की रीढ़ है। आस्था से संसार चलता है यदि आस्था ही खत्म हो जाएगी तो सनातन धर्म भी खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आस्था का तात्पर्य यह है कि माता पिता,बुजुर्ग और हमारे मार्गदर्शकों ने हमें क्या रास्ता दिखाया है उस पर चाले पर अपनी कसौटी पर भी परखें की इसमें क्या गलत और क्या सही है। शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति सिर्फ संस्कार से ही जीवित है जिसका उदाहरण है ढाणी भगतसिंह वाली के नागरिक!जिन्होंने अपने सहयोग से भगवान शिव परिवार,हनुमान जी महाराज व कुल देवता की मूर्ती स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि सनातन के रखवाले अभी जिन्दा हैं। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी पाई वहीं भगवान भोलेनाथ,रामभक्त हनुमान सहित कुल देवता पहाड़सिंह के जयकारे लगे। इस मौके पर जयसिंह सैनी, बनवारीलाल सैनी, नत्थूराम सैनी, सुनील कुमार सैनी, फुलाराम सैनी, ओमकार सैनी, मातादीन सैनी, चौथमल सैनी, जोहरीमल सैनी, लालाराम सैनी, रामधन सैनी, शीशराम सैनी, मदन सैनी, बंशीराम सैनी,पप्पूराम सैनी, रामसिंह सैनी, हेमराज सैनी, लालाराम सैनी, महेन्द्र सैनी, रुड़ाराम सैनी,राकेश सैनी, अनील सैनी, सौरभ सैनी,ओमप्रकाश सैनी, बबलू सैनी, मनोज एवं सम्पूर्ण कारोड़िया परिवार सहित विद्वान ब्राह्मण व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जनगणना 2027: कलक्टर के निर्देशन में तैयारियां तेज, 12 से 17 फरवरी तक चलेगा गहन प्रशिक्षण का दौर




बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के कार्य हेतु जिला एवं चार्ज अधिकारियों के लिए दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने प्रशिक्षण को लेकर आदेश जारी किये हैं। सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ पीयूष कुमार भण्डारी ने बताया कि चार्ज स्तर के सहायकों का प्रशिक्षण दिनांक 12 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रात: 9.30 बजे से जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा।प्रशिक्षण में जिला स्तर एवं विभिन्न तहसीलों तथा नगर निकायों से नामित नियमित सहायक भाग लेंगे। जिला स्तर से श्री देवकरण निर्वाण एवं श्रीमती बिंदु चौधरी सहित अन्य कार्मिकों को नामित किया गया है। वहीं चार्ज स्तर पर तहसील आमेट, भीम, देवगढ़, कुम्भलगढ़, नाथद्वारा, रेलमगरा, गढ़बोर, खमनोर, देलवाड़ा, कुंवारिया, सरदारगढ़ एवं राजसमन्द सहित विभिन्न नगरपालिकाओं एवं नगर परिषद से नियमित सहायकों को प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया है।इसी प्रकार से जनगणना अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 16 फरवरी 2026 एवं 17 फरवरी 2026, प्रात: 9.30 बजे से जिला कलेक्ट्रेट सभागारमें आयोजित होगी।प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी नरेश बुनकर, उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ पीयूष कुमार भण्डारी सहित जिला जनगणना सेल के सदस्य, नगर जनगणना अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के चार्ज जनगणना अधिकारी तथा अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी भाग लेंगे।कलक्टर द्वारा सभी को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण कार्यशाला में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर भाग लेना सुनिश्चित करें। यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को सुचारु, सटीक एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, मल्लाना में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** पंचायत समिति क्षेत्र के मल्लाना में स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टहला थानाधिकारी मुकेश कुमार मीना रहे। वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्राचार्य सुरेश कुमार मीना, आर.डी. यादव, मुरारी लाल बैरवा, सरपंच प्रतिनिधि, रोहिताश कुमार वर्मा, उप प्राचार्य, मल्लाना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यालय के व्याख्याता बृजलाल शर्मा ने वार्षिक उत्सव के उदेश्य के बारे में बताया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में शैक्षणिक व सह शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी वितरित किये गये। वार्षिकोत्सव में विद्यालय पत्रिका %दी हॉरिजन% का विमोचन भी किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद बैरवा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व सत्रपर्यन्त विद्यालय द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों के बारे में बताया व सत्र 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को टेबलेट पीसी देकर सम्मानित किया।

# विद्यार्थी यदि अच्छे अंक लाता है तो किसी पर एहसान नहीं करता-बोहरा

## मार्कशीट के अंक आपका भविष्य तय नहीं करते,आपकी मेहनत तय करती है-गोयल

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र के बालावास रोड़ पर स्थित सरस्वती मॉर्डन पब्लिक में वार्षिकोत्स्व कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के शुभारम्भ से पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ शशिकांत बोहरा एवं संस्था के निदेशक प्रवेश बोहरा व प्रधानाचार्य दीपक कुमार निगम ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि यदि कोई विद्यार्थी अपनी कक्षा में अच्छे अंक लाता है तो वह विद्यालय और माता-पिता पर कोई एहसान नहीं करता!उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपनी कक्षा में अच्छे अंक लाकर उसे कामयाबी मिलती है और देश सेवा करता है तो निश्चित ही विद्यालय और संरक्षकों का सर गर्व से ऊँचा हो जाता है। डॉ बोहरा ने कहा कि यह ऋषि-मुनियों की धरती है जिस ऋषि मुनि ने कठिन तपस्या की है उसी का नाम आज भी अमर और अमिट है। मेरा कहने का उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी को चार आश्रमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। पहला बृहमचरीय,द्वितीय गृहस्त,तृतीय वानप्रशत तो चौथा सन्यास!यदि किसी ने भी इन चार आश्रमों का पालन किया है उसकी कभी निन्दा नहीं हुई।डॉ बोहरा ने कहा कि कड़ी मेहनत ही तपस्या है यदि आप उस पर खरा उतरेंगे तो आपको कोई निशफल नहीं कर सकता सब लोग आप पर गौरव करेंगे। उन्होंने ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए शुभकामनाएं दी। वहीं अध्यक्षता कर रहे संस्था के निदेशक प्रवेश बोहरा ने कहा कि एसएमएस ग्रुप के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन के लिए हमारी संस्था हमेंशा अग्रसर रही है और रहेगी। जहाँ भी संस्था के मार्गदर्शन की आवश्यकता रहेगी हम सब विद्यार्थियों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी यहाँ से आगे की पढ़ाई के लिए शिक्षण ग्रहण करने आया था उसमें हमने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। बोहरा ने कहा कि मुझे उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है विद्यार्थी संस्था और अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरेंगे।वहीं संस्था प्रांगण में पहुँची बानसूर वृतांधिकारी का विद्यार्थियों ने अपनी एनसीसी गणीवेश में वृतांधिकारी का सम्मान किया। इस मौके पर बोलते हुए वृतांधिकारी मेघा गोयल ने कहा कि कागज का टुकड़ा जिसमें अंक अंकित होते हैं वे आपका भविष्य तय नहीं कर



सकते।
भविष्य तय करती है आपकी मेहनत, आपका जज्बा और लगन। इसलिए अभिभावक और शिक्षक इस ओर जरूर ध्यान दें कि विद्यार्थी की इच्छा क्या है। इस मौके पर वृत्तधिकारी का माला पहनाकर, सॉल ओढ़कर व मोमेंटो देकर भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर सरस्वती मॉर्डन स्कूल के समस्त स्टॉफ सहित सभी विधार्थी मौके पर मौजूद रहे।

# शिक्षकों की संवेदना बनी संकल्प, बेटियों की मुस्कान बना उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, जब शिक्षक अपने हृदय से पढ़ाते हैं तो वे केवल ज्ञान ही नहीं, सपनों को भी पंख देते हैं। ऐसा ही एक भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मिल क्षेत्र, पाली में, जहाँ शिक्षकों ने अपनी सैलरी से राशि जुटाकर बेटियों के लिए ऐसा भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित किया, जिसकी चमक निजी स्कूलों को भी पीछे छोड़ गई। विद्यालय की बालिकाओं ने जब अपने प्रधानाचार्य और शिक्षकों के सामने रात्रिकालीन एनुअल फंक्शन की इच्छा व्यक्त की, तो शिक्षकों ने इसे केवल एक मांग नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों की पुकार माना। बिना किसी सरकारी बजट की प्रतीक्षा किए, शिक्षकों ने अपनी जेब से संसाधन जुटाए और बेटियों की मुस्कान को अपना उद्देश्य बना लिया। एलईडी लाइटों से जगमगाता मंच, भव्य साउंड सिस्टम, आकर्षक लाइटिंग और सजे-धजे मंच ने पूरे वातावरण को उत्सव में बदल दिया। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि सरकारी स्कूलों में भी संवेदनशीलता, समर्पण और गुणवत्ता की कोई कमी नहीं है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दोलाराम मेघवाल ने बताया कि बालिकाओं की भावना को समझते हुए विद्यालय स्टाफ ने अपनी सैलरी से राशि एकत्र की। वहीं शिक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह धुरासनी ने तो स्वयं के खर्चे पर लाइट, एलईडी और साउंड की पूरी व्यवस्था कर बेटियों के प्रति अपने स्नेह को उदाहरण बना दिया। शिक्षकों की इस निस्वार्थ पहल से प्रेरित होकर समाज भी आगे आया। रोटरी क्लब पाली ने कार्यक्रम में बड़ा सहयोग दिया, वहीं समाजसेवी राजकुमार मेड़तिया ने सभी बालिकाओं के लिए अल्पाहार और मिष्ठान की व्यवस्था की। रिकी सिंह सहित अन्य भामाशाहों के सहयोग से यह आयोजन सरकारी स्कूल के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने शिक्षकों की इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों में देशभक्ति और संस्कारों को मजबूत करने का आह्वान किया। संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा मंडल पाली एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मीणा ने कहा कि इस तरह की पहल समाज में शिक्षकों के प्रति सकारात्मक संदेश देती है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाजपा नेता रमेश परिहार ने युवाओं से अपनी मूल संस्कृति को अपनाने और राजस्थानी परंपराओं को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने किया।

# स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति ने रिटायर्ड मेजर इंद्रजीत सिंह लांबा का अलवर आगमन पर किया स्वागत

## दीप प्रज्वलन कार्यक्रम को देश भर में आगे बढ़ाने पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारतीय सेना के रिटायर्ड मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह लांबा का अलवर आगमन पर ईटाराणा छावनी में स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया। समिति संरक्षक सुभाष अग्रवाल ने बताया कि अलवर ईटाराणा में समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय के नेतृत्व में रिटायर्ड मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह लांबा, कर्नल नवीन मग्गो,राहुल तिवारी,अमित देसाई व संजय घोष का तिरंगा व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान रिटायर्ड मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह लांबा ने समिति के कार्यक्रम की सराहना करते हुए आश्वस्त किया की भविष्य में भी इसी प्रकार समिति के कार्यक्रम को सहयोग प्राप्त होता रहेगा। स्वागत के दौरान छोटी बच्ची जाह्नवी विजय ने देशभक्ति और सेना के जवानों के जीवन से जुड़ी कविता सुनाई जिसे सुनकर सभी ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के संदर्भ में समिति से जुड़े एडवोकेट गौरव शर्मा ने बताया कि ईटाराणा छावनी में स्टेशन कमांडर पद पर रहते हुए इंद्रजीत सिंह लांबा ने समिति के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी



जिसके बाद से ही भारतीय सेना के जवानों की भागीदारी व देश की अलग अलग छावनियों में कार्यक्रम आयोजित होने लगा है । भविष्य में कार्यक्रम को देश के कोने कोने तक पहुंचाने के विषय में चर्चा की।इस दौरान समिति से जुड़े महेश खंडेलवाल, हेमचंद्र विजय, एडवोकेट अजीत सोनी, मोहित पंडित, प्रकाश गुप्ता, देवेन्द्र विजय, विनोद खंडेलवाल संजय बवेजा, इत्यादि उपस्थित रहे।अंत में समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने सेना के अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# परीक्षा से पूर्व भारतीय विद्या पीठ स्कूल में संस्कार शिविर के तहत गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को भारत विकास परिषद शाखा राजगढ़ द्वारा संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश सैन ने बताया कि गायत्री परिवार की ओर से परीक्षा यज्ञ आयोजन गायत्री शक्तिपीठ राजगढ़ की आचार्य किरण शर्मा द्वारा करवाया गया। जिसमें भारत विकास परिषद की सदस्य प्रीति विजय, परिषद के पूर्व अध्यक्ष लोकेश रावत, पूर्व सचिव दीपक विजय, संस्कार संयोजक दिनेश सेन, पूर्णिमा और विद्यालय के स्टाफ सहित विद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम द्वारा छात्र-छात्रों के अंदर यज्ञ आहुतियां के बारे में बताया गया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही आने वाले बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी अपना अच्छा एवं श्रेष्ठ परिणाम दे ऐसी मां सरस्वती एवं गायत्री माता से प्रार्थना की गई।

# 'नीच' शब्द जातिसूचक गाली नहीं,आइआइटी से जुड़े विवाद में राजस्थान हाईकोर्ट की महत्वपूर्ण टिप्पणी

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** राजस्थान हाई कोर्ट ने आइआइटी डारेक्टर व स्टाफ से जुड़े विवाद में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि 'नीच' कहना मात्र जाति के आधार पर अपमान नहीं माना जा सकता। राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस संदीप शाह की एकल पीठ में संबंधित विवाद में डॉक्टर दीपक अरोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए एससी एसटी एक्ट की लगी धाराओं को रद्द किया है, हालांकि एसोसिएट प्रोफेसर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं के तहत पुलिस जांच जारी रहेगी।

पूरा मामला आईआईटी जोधपुर में 2 सितंबर 2025 से जुड़ा है, जहां एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपक अरोड़ा व आइआइटी निदेशक प्रोफेसर अविनाश अग्रवाल के बीच बातचीत के दौरान विवाद हो गया था, वहीं मामले में बीच बचाव करने पहुंचे ऑफिस असिस्टेंट विवेक गौतम के साथ एसोसिएट प्रोफ़ेसर दीपक अरोड़ा ने मारपीट करने व %नीच% जैसे शब्दों से संबोधित करने का आरोप लगाते हुए आइआइटी रजिस्ट्रार की ओर एससी एसटी एक्ट की धाराओं भी मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले को लेकर एसोसिएट प्रोफ़ेसर दीपक अरोड़ा की ओर से हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 'नीच' शब्द का अर्थ नीच या अधम होता है, जिसका उपयोग किसी के खराब नैतिक चरित्र को दर्शाने के लिए किया जाता है। यह किसी विशेष समुदाय या जाति का नाम नहीं है। कोर्ट ने पूर्व के फैसलों (अचल सिंह बनाम राजस्थान राज्य) का हवाला देते हुए कहा कि 'नीच' कहना जाति आधारित अपमान की श्रेणी में नहीं आता। इसके अलावा कोर्ट ने 'स्वरण सिंह बनाम राज्य' मामले का हवाला देते हुए कहा कि एससीएसटी एक्ट के तहत अपमान सार्वजनिक दृष्टि में होना चाहिए। चूंकि यह घटना डायरेक्टर के बंद कमरे (चेंबर) के भीतर हुई थी, जहां जनता की पहुंच नहीं थी। इसलिए इसे 'पब्लिक व्यू' नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने इस मामले में कानूनी पहलुओं की विस्तार से व्याख्या की। जस्टिस संदीप शाह की एकलपीठ ने डॉ. दीपक अरोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए एससी एसटी एक्ट के तहत आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है।

# सिलीसेढ़ झील, अलवर (रामसर साइट) पर भव्य बर्ड फेस्टिवल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सिलीसेढ़ झील, अलवर स्थित रामसर साइट पर दिनांक 7 फरवरी 2026 को बाघ परियोजना सरिस्का द्वारा भव्य बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भुपेन्द्र यादव , राजस्थान सरकार के माननीय वन मंत्री संजय शर्मा,पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के डीजी फॉरेस्ट सुशिल अवस्थी, एडीजी फॉरेस्ट ,रमेश पाण्डेय , राजस्थान के पीसीसीएफ पी. के. उपाध्याय, एपीसीसीएफ एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के. सी. अरुण प्रसाद सहित वन विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अलवर जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग




लिया। बच्चों ने बर्ड वॉचिंग, क्विज प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता कर प्रकृति और पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूकता प्राप्त की। उपस्थित अतिथियों एवं मंत्रियों ने भी झील क्षेत्र में पक्षी अवलोकन का आनंद लिया। इस अवसर पर माननीय मंत्रियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों को सम्मानित किया गया तथा संरक्षण प्रयासों में उनके योगदान की सराहना की गई। वक्ताओं ने आर्द्रभूमियों और पक्षी विविधता के संरक्षण में जनभागीदारी, विशेषकर बच्चों की भूमिका पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि सिलीसेढ़ झील को दिसंबर 2025 में भारत की 96वीं रामसर साइट तथा राजस्थान की तीसरी रामसर साइट के रूप में घोषित किया गया। बर्ड फेस्टिवल जैसे आयोजनों से सिलीसेढ़ झील के जैव-विविधता महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और संरक्षण प्रयासों को नई गति प्राप्त हुई है।

# रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने 7 का साथ कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने दिनांक 07 फरवरी 2026 को अंबेडकर नगर स्थित रोटरी ब्लड सेंटर में अपने स्थाई प्रकल्प 7 का साथ के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन विकास गुप्ता ने बताया की रक्तदान कार्यक्रम में प्रवीण बवेजा ने 77वीं बार रक्तदान किया, राजकुमार खेतावत, राहुल, जितेन्द्र, भीम सिंह, ताराचंद , नासिर हुसैन व प्रियांशु ने प्रथम बार रक्तदान किया । कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल, प्रवीण खंडेलवाल व हर्ष गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## स्वच्छता रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रावतभाटा में दिनांक 7 फरवरी 2026 को स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत कक्षा चौथी व पांचवी के विद्यार्थियों के द्वारा अणु छाया कॉलोनी एवम् अणुकिरण कोलॉनी में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया । रैली में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से ' हम सब का एक ही नारा, स्वच्छ रहे भारत हमारा, 'स्वच्छ भारत बनाएंगे स्वच्छता को अपनाएंगे',स्वच्छता ही जीवन है, 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत,' 'एक कदम स्वच्छता की ओर 'जैसे अनेक नारे लगाए तथा मानव श्रृंखला बनाकर पोस्टर प्रदर्शित कर कोलॉनी वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस रैली के सफल आयोजन में श्रीमती रंजना यादव ,श्रीमती निक्की कुमारी ,श्री रोहिताश्व गौतम, आरजू कुमारी ने अपना सहयोग दिया एवम् विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन, रैली निकाली



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शहर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्बे में संचालित कई हिंदू संगठनों द्वारा अलग अलग स्थानों से पैदल रैली निकाली गई। इस रैली में महिलाएं सिर पर कलश लेकर जयघोष करते हुए चल रही थी। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पर स्थित सभा स्थल तक पहुंची जहां पर विशाल जन सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता किशन गोरवाला ने तथा मंच का संचालन श्रवण कुमार शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर के भैया बहनों द्वारा देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान मंचासिन गणमान्य लोगों ने हिन्दू समाज की एकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम की समाप्ति के अवसर पर हिंदू समाज द्वारा सामाजिक समरसता भोज का आयोजन भी रखा गया जिसमें सभी समाज के लोगों ने समरसता भोज में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर निंबाहेड़ा अनुसूचित जाति विभाग की जिला, ब्लॉक एवं मंडल कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने एवं सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से निंबाहेड़ा क्षेत्र में अनुसूचित जाति विभाग की जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी एवं कांग्रेस मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियाँ की गई हैं।

ये समस्त नियुक्तियाँ राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की अध्यक्ष ममता भूपेश की सहमति से संपन्न हुई हैं। अनुसूचित जाति विभाग की जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर कमलेश खटीक झाड़सादड़ी एवं प्रहलाद जटिया पूर्व प्रधान जलियां को नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव के पद पर रामेश्वरलाल सालवी ढोरिया,गोपाल रैगर बाड़ी तथा कालूराम बैरवा रसूलपुर को दायित्व सौंपा गया है। जिला सचिव के पद पर कैलाश आर्य निमड़ी का देवरा, दिलीप मेघवाल कनेरा एवं देवीलाल बैरवा रसूलपुर को नियुक्त किया गया है। निंबाहेड़ा ब्लॉक एवं नगर स्तर पर अनुसूचित जाति विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर रविन्द्र मेघवाल मढ़ा गुलफरोशान तथा नगर अध्यक्ष के पद पर ललित पहाडिया की नियुक्ति की गई है।

## कोटा पुलिस ने 28 लाख का डोडा चूरा पकड़ा:नाकाबंदी तोडक़र भाग रहे तीन तस्करों को पुलिस ने पीछा कर किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा ग्रामीण पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन रूट क्लियरेंस' के तहत 28 लाख का डोडा चूरा पकड़ा। पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 191 किलो 886 ग्राम डोडा चूरा जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 28 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है, जिससे इलाके में हडक़ंप मच गया है।कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि थाना बपावर कलां पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका। कार चालक नाकाबंदी तोडक़र भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ा। तलाशी में कार से 177 किलो 300 ग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। इस मामले में जोधपुर जिले के रहने वाले बंशीलाल विश्नोई और विष्णु विश्नोई को गिरफ्तार कर कार को जब्त किया गया। इस जब्ती की कीमत करीब 26 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है।दो लाख के डोडा चूरा समेत आरोपी तस्कर गिरफ्तार वहीं दूसरी ओर, थाना कनवास पुलिस ने कोटा-झालावाड़ हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान मारुति स्विफ्ट कार की जांच की।

## आदर्श विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महुपुरा में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान विवेक गरासिया तहसीलदार एवं कार्यक्रम अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता पूर्व प्रधान भैंसरोडग़ढ़ रहे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद गौतम जिला अध्यक्ष विद्या भारती शिक्षण संस्थान कोटा ने छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य में उन्नति के पथ पर आगे बढ़ते हुए लक्ष्य को भेदने के बारे में प्रेरणा प्रदान की तथा विद्या भारती के संस्कार एवं गुणों को जीवन पर्यंत अपने जीवन में उतारने के लिए कहा साथ ही साथ कार्यक्रम के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने इन छात्र-छात्राओं को तैयार करने वाले आचार्य को भी बधाई दी कि वे अल्प मानदेय में भी राष्ट्रहित में लगे हुए हैं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक गरासिया ने बताया कि विद्या भारती के विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार के केंद्र हैं।

# बूंदी: सामान्य चिकित्सालय खुद 'बीमार':गंभीर रोगों की जांचें ठप, भगवान भरोसे मरीज

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला मुख्यालय की 'लाइफलाइन' कहे जाने वाले सामान्य चिकित्सालय की हालत इन दिनों बदहाल है। अस्पताल की अव्यवस्थाओं का सबसे ज्यादा खमियाजा उन गरीब मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, जो दूर-दराज के गांवों से बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर यहाँ आते हैं। अस्पताल में बायोमेट्रिक विभाग की मशीनें 'सफेद हाथी' साबित हो रही हैं, जिससे जांच व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

जांच मशीनें बंद, मरीजों की जेब पर भारी चोट

अस्पताल में पिछले कुछ समय से बायोमेट्रिक विभाग की महत्वपूर्ण जांचें बंद पड़ी हैं। वर्तमान में यहाँ केवल नाममात्र की माइक्रो और पैथोलॉजी जांचें ही की जा रही हैं। इसके चलते गंभीर रोगों से जूझ रहे मरीजों को मजबूरन निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है, जहाँ उनसे मनमानी फीस वसूली जा रही है।



जांचों की मशीन कपड़े से 11 बजे तक भी कपड़ों से ढकी हुई।

### इन प्रमुख रोगों की जांचें हैं अटकी-

किडनी (गुर्दा)-रीनल प्रोफाइल से जुड़ी जांचें बंद। हार्ट (हृदय)- कार्डियक प्रोफाइल और संबंधित जरूरी टेस्ट ठप। लीवर (यकृत)- लीवर फंक्शन टेस्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं। शुगर (मधुमेह)- मधुमेह के स्तर की सटीक जांच में परेशानी। दवाइयों का भी टोटा- कफ सिरप न मिलने से बढ़ी आफत

जांचों के साथ-साथ अस्पताल में दवाइयों की किल्लत भी सामने आई है। बदलते मौसम और सर्दी के जाने के इस दौर में खांसी-जुकाम के मरीजों की तादाद बढ़ गई है, लेकिन अस्पताल में कफ सिरप उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### प्रशासन का पक्ष 'जल्द सुधरेंगे हालात'

इस पूरे मामले पर जब अस्पताल प्रशासन से बात की गई, तो उन्होंने जल्द व्यवस्थाएं सुधारने का आश्वासन दिया। पीएमओ एल.एन. मीणा ने बताया कि मशीनों को लेकर संबंधित कंपनी से बात हो गई है, जल्द ही सभी बायोमेट्रिक जांचें सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएंगी। वहीं, दवाइयों (कफ सिरप आदि) की कमी को दूर करने के लिए विभाग को पत्र लिख दिया गया है, जल्द ही स्टॉक उपलब्ध हो जाएगा।

### बड़ा सवाल:

अब देखना यह है कि प्रशासन के ये दावे कब तक धरातल पर उतरते हैं? क्या गरीब मरीजों को जल्द राहत मिलेगी या उन्हें यूं ही निजी सेंटरों पर लूटने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

# श्रीराम महायज्ञ के समापन की महाप्रसादी पाने के लिए डेढ़ लाख से भी ज्यादा का उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**इटावा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** दिनांक 7 फरवरी 2026 को इटावा नगर सहीत आसपास क्षेत्र के धार्मिक भक्तों एवं स्थानीय एवं आसपास के व्यापारियो ने प्रतिष्ठान बंद रखकर राम भक्तों की सेवा में जुट गए और श्रीराम जानकी प्राण प्रतिष्ठा दर्शन एवं श्रीराम महायज्ञ समापन के मौके पर मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के कई जिलों से महाप्रसादी ग्रहण करने आए दो लाख के करीब भक्तों को कृषि उपज मंडी इटावा में 101 शक्कर की बोरी एवं देसी घी के 250 टीन से बनी हुई महाप्रसादी को 30 काउंटर लगाकर एक साथ 7500 भक्तों को पंक्ति में एक साथ बैठानै की व्यवस्था कर भोजन महाप्रसादी दोपहर 12 बजे से शुरू करवाई गई वही मातृशक्ति को भोजन महाप्रसादी की पंक्ति के लिए अलग से महिला काउंटर लगाकर भोजन महाप्रसादी करवाई गई।

श्रीराम महायज्ञ के भव्य आयोजन में किसी तरह की चूक ना हो इसके लिए इटावा डीएसपी ओमप्रकाश सरावग के नेतृत्व में इटावा बुढादीत सुल्तानपुर अयाना खातौली सहित पांच पुलिस थानों के पुलिस जवान रामभक्तों की सुरक्षा के लिए अलग-अलग जगह तैनात किए गए वही नगर में यातायात के लिए अलग से पुलिसकर्मी तैनात किए गए।

## मनरेगा भुगतान नहीं मिलने पर महिला श्रमिकों का आक्रोश, खैराबाद-मोडक़ मार्ग 6 घंटे जाम



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** मनरेगा के तहत किए गए कार्य का भुगतान लंबित रहने से नाराज महिला श्रमिकों ने शनिवार को खैराबाद-मोडक़ सडक़ मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। करीब छह घंटे तक चले जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारेबाजी कर जल्द भुगतान की मांग की।

सूचना पर पंचायत समिति के बीडीओ, चेचट के नायब तहसीलदार और मोडक़ पुलिस मौके पर पहुंचे और समझाइश की, लेकिन महिलाएं भुगतान के ठोस आश्वासन पर अड़ी रहीं। दोपहर करीब 2.30 बजे अधिकारियों ने 15 दिन के भीतर भुगतान कराने और मेटों की संख्या बढ़ाकर कार्य को ऑनलाइन दर्ज कराने का आश्वासन दिया, तब जाकर जाम हटाया गया।

महिला श्रमिकों का आरोप है कि उन्होंने गुण्डी-फतेहपुर स्थित रीको इंडस्ट्रियल एरिया में करीब एक माह तक मनरेगा के तहत सफाई कार्य किया, लेकिन अब तक मजदूरी नहीं मिली। उनका कहना है कि मेट ने पुराने भुगतान के बिना ही अगली मस्टररोल में काम लेने की बात कहकर दोबारा काम कराया, जिससे वे सडक़ पर उतरने को मजबूर हुईं।

## कोटा से 1 करोड़ का सोना लेकर भागे आरोपी गिरफ्तार:11 दिनों तक पश्चिम बंगाल और मुंबई में दबिश दी; कारखाने में

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा शहर पुलिस ने एक करोड़ रुपए के सोना चोरी के मामले में दो आरोपियों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

पुलिस की 2 टीमों ने 11 दिनों तक पश्चिम बंगाल और मुंबई में दबिश दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस की मदद से हुगली जिले के ग्रामीण इलाके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।आईपीएस सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुरबानी मंडल (39) और इमरान मलिक (19) शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने सुनियोजित साजिश के तहत चोरी की योजना बनाई थी। इमरान मलिक को फर्जी आधार कार्ड के जरिए कारखाने में काम पर लगवाया गया और मौका पाकर तिजोरी की चाबी चुराकर सोना लेकर फरार हो गया।

दोनों आरोपियों को ट्रांजिट वारंट पर कोटा लाया गया है। कोर्ट में पेश कर रिमांड प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि चोरी किए गए सोने की बरामदगी की जा सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी अन्य वारदात में शामिल रहे हैं या नहीं।

कारखाने में एक दिन काम के बाद सोना लेकर भागा

आईपीएस ने बताया- महावीर नगर थाना क्षेत्र में 25 जनवरी 2026 को एक सोने के कारखाने से 761 ग्राम सोना चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। परिवादी कपिल सोनी ने शिकायत में बताया कि उनके कारखाने में नया कारीगर इमरान मलिक काम पर आया था, जो एक दिन बाद ही सोना लेकर फरार हो गया। इस पर महावीर नगर थाना पुलिस और साइबर सेल ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी पश्चिम बंगाल के हुगली जिले का रहने वाला है।

# ग्राम उत्थान शिविर का हुआ आयोजन 11 विभाग के अधिकारी कर्मचारी रहे शिविर में मौजूद

बढ़ता राजस्थान




**खातौली (मुकेश गस्वामी)।** दिनांक 7 फरवरी 2026 को खातौली कस्बे के अटल सेवा केंद्र मुख्यालय पर ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में को_ऑपरेटिव बैंक मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, जल संसाधन विभाग, उद्योग विभाग, आपदा विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, सहित समस्त विभागों के अधिकारीयों की शिविर में मौजूदगी रही।

शिविर प्रभारी इटावा खण्ड विकास अधिकारी राजेश जाटवा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 50 किसानो को कृषि भूमि की मिट्टी जांच रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए वही खेती-किसानी के लिए तारबंदी के 21 आवेदन प्राप्त कया गए वहीं पाइपलाइन फव्वारा सिस्टम के लिए 9 आवेदन किसानो द्वारा दीए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य (द्वह्यश्च) की योजना व जानकारी कृषि विस्तार अधिकारी हंसराज मीणा द्वारा शिविर में किसानों को जानकारी दी गई। वही शिविर में प्लास्टिक मल्चिंग व सोलर पंप फव्वारा सयंत्र व पॉलीहाउस व ड्रिप सिंचाई से वचिंत किसानों को भी इन योजनाओं से शिविर के माध्यम से जानकारी देकर जोड़ा गया। वहीं लोगों को जी राम जी के लाभ व सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में नायब तहसीलदार भंवर सिंह, को-ऑपरेटिव बैंक कोटा मैनेजर शशि शेखर, खातौली ग्राम विकास अधिकारी बहादुर सिंह गांधी, खातोली ग्राम पंचायत सरपंच पार्वती बाई, ग्राम विकास अधिकारी जटवाड़ा कृष्ण मुरारी शर्मा, सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# ओल्ड हाड़ेन्द्रा कॉलेज स्कूल में मानक लेखन प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड हाड़ेन्द्रा कॉलेज), बूंदी में शनिवार को भारतीय मानक ब्यूरो , जयपुर शाखा के तत्वावधान में मानक लेखन प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गुणवत्ता और मानकों के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

प्रतियोगिता और परिणाम

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने दो-दो के समूह बनाकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपनी रचनात्मकता और तकनीकी सोच का परिचय देते हुए विद्यार्थियों ने मानकों की बारीकियों को समझा। शानदार प्रदर्शन करने वाले आठ विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया और उन्हें पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

गुणवत्ता और सुरक्षा पर जोर

इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो के मेंटोर रमेश गुर्जर ने मुख्य वक्ता के रूप में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि , मानक लेखन गुणवत्ता और सुरक्षा का आधार है। यह उपभोक्ता हितों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीआईसी द्वारा आयोजित ऐसी गतिविधियों से छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है।

विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार माथुर ने स्थानीय विद्यालयों में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भागीदारी से न केवल ज्ञान बढ़ता है, बल्कि भविष्य के लिए आत्मविश्वास भी पैदा होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। इस दौरान उपप्राचार्य सुश्री ममता बनवाल, श्याम चंद्र शर्मा,भारतीय जैन,कल्पना गौतम, संजय जैन, मिथिलेश गोचर,अनुराधा सहित अन्य शिक्षक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल समापन पर विद्यालय परिवार ने भारतीय मानक ब्यूरो की टीम का आभार व्यक्त किया।

## विदाई समारोह में चाकूबाजी: दो 12वीं के छात्र घायल, मोबाइल को लेकर हुआ विवाद

बढ़ता राजस्थान



**चेचट (कोटा ग्रामीण)।** एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा के विदाई समारोह के दौरान चाकूबाजी की घटना से हडक़ंप मच गया। स्कूल गेट के बाहर खड़े दो छात्रों पर एक बाहरी युवक ने चाकू से हमला कर दिया। दोनों छात्रों के सिर, नाक और सीने पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत चेचट अस्पताल पहुंचाया गया।

एसएचओ सुरेंद्र गोदारा ने बताया कि घटना पुरानी रंजिश से जुड़ी प्रतीत होती है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक ने पहले एक छात्र का मोबाइल देखने की कोशिश की। मोबाइल देने से मना करने पर उसने दूसरे छात्र के सीने पर चाकू से वार कर दिया। बीच-बचाव करने आए छात्र पर कड़े से हमला किया, जिससे उसके सिर और नाक पर चोट आई।

चीख-पुकार सुनकर शिक्षक और अन्य छात्र बाहर पहुंचे, तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। पुलिस ने अस्पताल में घायलों के बयान दर्ज किए हैं और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर तलाश शुरू कर दी है।

# जल आपूर्ति की समस्या का समाधान करने के विधायक डॉ. गर्ग ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में भी की शिरकत, जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान का दिलाया भरोसा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )** । पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान जनसुनवाई में आमंजन द्वारा पेयजल की शिकायत करने पर चम्बल एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए , साथ ही उन्होंने कोलीपुरा में आयोजित श्री राम मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करने के अलावा जय विहार कॉलोनी में भगवान श्री राधा कृष्ण के मंदिर निर्माण के लिए भूमि का पूजन कर क्षेत्र व प्रदेश में खुशहाली की कामना की कामना की ।विधायक डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान महाराज सर गांव से नगला करन सिंह तक की जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने के सार्वजानिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया वहीँ शमशानों की स्थिति भी सुधरवाने के लिए भी सम्बंधित अधिकारियों से कहा । उन्होंने रणजीत नगर कार्यालय के अलावा शहर के कृष्णा नगर ,जया विहार कॉलोनी,सहनावली ,घना जाटौली,कोलीपुरा,नौगांया ,महाराजसर ,गांधीनगर आदि क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया । विधायक डॉ. गर्ग ने कोलीपुरा-पीपला सड़क मार्ग पर कोलीपुरा श्री राम मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देने के साथ ही प्रदेश व क्षेत्र में खुशहाली की कामना की । इस दौरान उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिये कृत संकल्पित है



और वे विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे । उन्होंने कहा कि सड़क, पानी बिजली के अलावा शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिये जुटे हुए हैं ।इस मौके पर पंडित पुरुषोत्तम लाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।इसके अलावा उन्होंने भरतपुर शहर की जय विहार कॉलोनी में राधा कृष्ण मंदिर के निर्माण के लिये विधि विधान से भूमि पूजन किया और मन्दिर निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया । इस दौरान डॉ. गर्ग का क्षेत्रवासियों ने माला,साफा व दुपट्टा पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया ।

इस मौके पर पूर्व सरपंच गिरधारी,मनोज जिंदल, गणेश गुर्जर, बनवारी अग्रवाल, रणवीर,अनिल गौड़, अनिल महामना,दिनेश, रवि बसवाल आदि उपस्थित रहे । इसी प्रकार विधायक डॉ. गर्ग ने सेवर रोड स्थित गांधी नगर कॉलोनी में भी नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्राण प्रतिष्ठा की और क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देकर क्षेत्र व प्रदेश में खुशहाली की कामना की । इस दौरान उनका लोगों ने स्वागत सत्कार किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का विश्वास दिलाया । उधर महाराजसर गांव में श्री किशनलाल मीणा द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी पहुंचकर शुभकामनाएं दीं ।

## नगला तुला में पुलिस चौकी, कन्या महाविद्यालय की मांग : ग्रामीणों ने भाजपा महामंत्री को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी) ।बंशी पहाड़पुर क्षेत्र के नगला तुला गांव में ग्रामीणों ने पुलिस चौकी और कन्या महाविद्यालय खुलवाने की मांग की है। पूर्व उप प्रधान सत्यप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भाजपा महामंत्री भगवान दास शर्मा को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नगला तुला बयाना विधानसभा का सबसे बड़ा गांव है, जो रुदावल कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित है। रुदावल की अधिक दूरी के कारण बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए आने-जाने में काफी परेशानी होती है, जिससे वे अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नगला तुला गांव डांग क्षेत्र में आता है। यहां कई बार डकैतों की घटनाएं हुई हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है। डांग में पशु चराने जाने वाले लोगों के साथ भी बदमाशों द्वारा मारपीट की घटनाएं हुई हैं। ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि नगलाखूबी स्टेशन के पास खाली पड़ी स्कूल की इमारत में पुलिस चौकी स्थापित की जा सकती है। इससे आमजन को काफी राहत मिलेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुरारी लाल शर्मा और भूरी शास्त्री सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## गुरुसर मोडीया के गर्ल्स महाविद्यालय में वेटलिफ्टिंग व पावरलिफ्टिंग के नवीन उपकरणों का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** छात्राओं में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, गुरुसर मोडिया के खेल विभाग द्वारा वेटलिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग के नवीन एवं आधुनिक उपकरणों का क्रय किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर किया गया। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने नवीन खेल उपकरणों का विधिवत लोकार्पण करते हुए छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर खेल विभाग के सदस्य, महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने कहा कि इन आधुनिक उपकरणों से छात्राओं को बेहतर खेल प्रशिक्षण, शारीरिक फिटनेस तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को भी सुदृढ़ बनाते हैं।

## बाड़ी में 8 फरवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलनः कलश और बाइक रैली होगी, आयोजन समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में शुक्रवार को परशुराम धर्मशाला में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह सम्मेलन रविवार, 8 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाना था। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, जिनमें मातृ शक्ति और दुर्गा शक्ति द्वारा मां राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर से शुरू होने वाली विशाल कलश शोभायात्रा और बाइक रैली प्रमुख थीं। इसके अतिरिक्त, मंच सज्जा, धर्म सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि मंचन और भजन मंडली जैसे आयोजनों पर भी चर्चा हुई। आयोजन समिति ने निर्णय लिया कि 8 फरवरी से पहले, 6 और 7 फरवरी को रात्रि कालीन नियमित बैठकें आयोजित कर कार्यक्रम की अंतिम समीक्षा की जाएगी। समिति के सचिव अंजनी पाराशर ने नगर के सभी सनातन धर्म प्रेमियों से इस राष्ट्र हितार्थ कार्य को अपना निजी कार्य समझते हुए 8 फरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे मां राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर पहुंचने का आग्रह किया है।

## बीझबायला गांव की सीसी रोड़ का किया शिलान्यास मे पहुंचे सरदार सुरेंद्र पाल सिंह टी टी

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** बीझबायला मे अटल प्रगति पथ के शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी द्वारा किया गया जिसमें वीडियो रामदेव जांगिड़ पदमपुर, भाजपा के राजेंद्र मंडा भूमि विकास बैंक श्रीगंगानगर के उपाध्यक्ष, प्रेम झटवाल ब्लॉक अध्यक्ष, जसकरण सरा जिला मंत्री, उग्रसेन भुकर मंडल महामंत्री,प्रहलाद मेघवाल पूर्व सरपंच व मंडल गृहमंत्री, साधुराम गोड़ सरपंच बीझबायला, राकेश गोरा सरपंच नरसिंहपुरा, प्रतीक दहिया सरपंच रतनपुरा,मनीराम नायक पूर्व सरपंच 34 एलएनपी ,लेखराज अठवाल पूर्व जिला परिषद डायरेक्टर, पतराम कड़वासरा ममता पुनर्वास संस्थान के डायरेक्टर, सतपाल माझु पूर्व सरपंच माझुवास समेत भाजपा के मुख्य कार्यकर्ता इस शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल थे इस कार्यक्रम में सुरेंद्र पाल सिंह टीटी ने भाजपा के इस कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का विस्तार से बताया इसमें बीझबायला में दूसरी गगन पथ सड़क बन रही है जिसमें टीटी ने बताया कि कोई भी किसी प्रकार की समस्या हो तो बताएं

## शहर के जिला अस्पताल के बदहाल हालात, पर्चा काउंटरों पर लम्बी लाइन बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव आरिफ खां ने दिया पीएमओ को ज्ञापन, सुविधाएं बढ़ाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के जिला अस्पताल में पर्चा काउंटरों की कम संख्या मरीज और उनके अटेंडर के साथ बड़े बुजुर्गों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। मामले को लेकर हालत यह है कि बड़े बुजुर्ग घण्टो लाइन में पर्चे के लिए खड़े होते है। किसी जिला अस्पताल में कम से कम आधा दर्जन पर्चा काउंटर होने चाहिए। जबकि यहां तीन पर्चा काउंटरों से ही काम चलाया जा रहा है। ऐसे में मरीज लगातार परेशानी का सामना कर रहे है। पर्चा काउंटर सहित कई अन्य समस्याओं को लेकर शनिवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व प्रदेश महासचिव आरिफ खान ने अस्पताल पहुंच मरीजों से समस्याओं की जानकारी ली है। उन्होंने अन्य पदाधिकारियों के साथ अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल से तुरंत पर्चा काउंटर बढ़ाने की मांग की है.

# गुमट हनुमान मंदिर पर हो रही रामलला और भगवान नर्सिंग की प्राण प्रतिष्ठा

## शहर में निकली कलश एवं शोभायात्रा, रविवार को होगा रामायण भवन का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की सबसे पुराने गुमट हनुमान मंदिर पर रामायण सत्संग मंडल द्वारा रामलला और नृसिंग भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। जिसके तहत शनिवार को शहर के किला स्थित दाऊजी महाराज मंदिर से कलश एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर मंदिर परिसर पहुंची। जहां रामलला और नरसिंह भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शुरू हुई है।इस दौरान अखंड रामायण पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है। रविवार को रामायण सत्संग के नवीन भवन का लोकार्पण होगा और भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।



रामायण सत्संग मंडल से जुड़े प्रदीप गोयल ने बताया की शहर की सबसे पुरानी नर्सिंग संस्कृत पाठशाला में बरसों से रामायण सत्संग मंडल द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भवन के पुराने और क्षतिग्रस्त होने पर सत्संग मंडल को एक नवीन भवन की जरूरत हुई। जब इसको लेकर बैठक हुई तो मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और भामाशाहों द्वारा मंदिर में रामलला और नरसिंह भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए विचार हुआ। जिस पर सहमति बनने पर इन मूर्तियों को बनवाया गया और आज उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। बस्ती के श्रद्धालुओं को इसमें आमंत्रित किया गया है। रविवार को प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने के बाद रामायण पाठ के समापन पर रामायण सत्संग भवन का लोकार्पण किया जाएगा। इस दौरान मंदिर आचार्य गौरीशंकर कटारा,पवन शर्मा,आशीष शर्मा, रामायण मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद मंगल,विनोद कुमार,अमित,उमेश सिंघल, सूरज,मुकेश,केशव शास्त्री,धनंजय शर्मा,अजय परमार,बल्ली सेठ,गोविन्द अनिल अग्रवाल के साथ तमाम भक्त प्रेमी मौजूद रहे।

# घूमडवाली पुलिस थाना के खिलाफ 10 को विशाल धरना

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** घमूड़वाली पुलिस थाना क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे चिट्टे सहित मेडिकल नशे के कारोबार की रोकथाम एवं चोरियों के दर्जनों मामलों में निस्तारण की मांग को लेकर 10 फ़रवरी पुलिस थाना घुमड़वाली के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम होगा जिसकी तैयारियों को लेकर कॉमरेड रविंद्र तरखान , श्रवण सिंह समरा, गौतम गौड़ आदि ने लालेवाला, रिड़मलसर, रतनपुरा आदि एलएनपी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया

किसान सभा के जिला महासचिव रविंद्र तरखान ने कहा कि मेडिकल नशा युवाओ की जिंदगी लील रहा है वहीं नशे की वजह से चोरियों के मामले बढ़े है उन्होंने कहा कि मेडिकल नशे का कारोबार महामारी के रूप में कस्बों से गांवों की ओर बढ़ रहा है लोगों में चिंता होना स्वाभाविक है तरखान ने कहा कि 10 फ़रवरी को घुमड़वाली पुलिस थाना के समक्ष विरोध प्रदर्शन स्वरूप हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा उन्होंने नौजवानों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम का हिस्सा बनने की अपील की।

# शराब, सोडा से ज्यादा खतरनाक एनर्जी ड्रिंक्स पीने से खराब होती किडनी- डॉ. कप्तान सिंह

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )** । आजकल लोगों को सबकुछ जल्दी चाहिए। बाजार में इंस्टेंट एनर्जी के नाम पर मिल रहे एनर्जी ड्रिंक्स इसका ही नतीजा हैं। इनमें से ज्यादातर ड्रिंक्स में बहुत अधिक मात्रा में शुगर और कैफीन होता है। इसलिए इनको पीते ही तुरंत ऊर्जा का एहसास होता है। एनर्जी ड्रिंक्स में कैफीन, शुगर और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। सब मिलकर किडनी में इंफ्लेमेशन बढ़ाते हैं। साथ ही किडनी की टॉक्सिन फिल्टर करने की क्षमता को भी डैमेज करते हैं। उक्त जानकारी पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ फिजिशियन डा0 कप्तान सिंह ने इस पत्रकार को दी।

डा0 सिंह ने बताया कि साउथ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी ने साल 2008 से लेकर 2020 तक एनर्जी ड्रिंक्स के किडनी पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर दुनिया भर में हुई स्टडीज को एक साथ रिव्यू किया। यह रिव्यू 15 से ज्यादा साइंटिफिक स्टडीज के हवाले से यह बताता है कि एनर्जी ड्रिंक्स पीने से किडनी पर काम का बोझ बढ़ जाता है। इससे लिवर और हार्ट को भी नुकसान होता है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ये ड्रिंक्स कई मायनों में शराब और सोडा से भी ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं।

**सवाल- क्या एनर्जी ड्रिंक्स किडनी के लिए शराब और सोडा से भी ज्यादा खतरनाक हैं?**

**जवाब**- डा. सिंह ने बताया कि हां, कई मामलों में ये ड्रिंक्स शराब और सोडा से भी ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं, क्योंकि इनमें एक साथ बहुत ज्यादा हाई कैफीन, सिंथेटिक शुगर और केमिकल प्रिजर्वेटिव्स होते हैं।



शराब किडनी को डिहाइड्रेट करती है, सोडा शुगर लोड बढ़ाता है, लेकिन एनर्जी ड्रिंक्स इन दोनों का कॉम्बिनेशन हैं। ये एक साथ डिहाइड्रेशन और ब्लड शुगर दोनों बढ़ाते हैं। शुगर लोड का मतलब है, शरीर में एक साथ बहुत अधिक शुगर पहुंचना।

ये ड्रिंक्स किडनी पर फिल्ट्रेशन का अतिरिक्त दबाव भी डालते हैं। इससे किडनी सेल्स थक जाती हैं, इंफ्लेमेशन बढ़ता है और डैमेज का रिस्क भी बढ़ता है।

**सवाल- एनर्जी ड्रिंक्स में ऐसा क्या होता है, जो किडनी सेल्स के लिए टॉक्सिक बन जाता है?**

**जवाब**- डा. कप्तान सिंह ने बताया कि इनमें हाई फ्रुक्टोज कॉर्न शुगर, कैफीन, टॉरिन (अमीनो एसिड), आर्टिफिशियल स्वीटनर और सोडियम बेंजोएट जैसे केमिकल होते हैं। ये किडनी सेल्स में ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस बढ़ाते हैं, जिससे सेल्स कमजोर हो जाती हैं। किडनी का काम खून से टॉक्सिन छानकर बाहर निकालना है, लेकिन इन केमिकल्स को बार-बार फिल्टर करने से किडनी थक जाती हैं। इससे सेल डैमेज, इंफ्लेमेशन और माइक्रो-इंजरी होती है, जो धीरे-धीरे क्रॉनिक किडनी प्रॉब्लम में बदल जाती है।

**सवाल- अगर कोई रोज एनर्जी ड्रिंक पीता रहा हो, तो किडनी बचाने के लिए उसे तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए?**

जवाब- किडनी को बचाने के लिए करें ये काम- सबसे पहले ड्रिंक पूरी तरह बंद करें। रोज 2.5-3 लीटर पानी पिएं ताकि टॉक्सिन फ्लश हों। नमक और प्रोसेस्ड फूड कम करें। बीपी, क्रिएटिनिन और यूरिन टेस्ट कराएं। कैफीन का सेवन कम-से-कम करें। रोज 30 मिनट वॉक करें। 7-8 घंटे की अच्छी नींद लें। अगर बार-बार यूरिन आए, थकान बनी रहे तो नेफ्रोलॉजिस्ट से कंसल्ट करें।

**सवाल- थकान होने पर एनर्जी ड्रिंक्स के सुरक्षित विकल्प क्या हो सकते हैं?**

जवाब- एनर्जी के लिए नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, फल, स्प्राउट्स और किशमिश-अखरोट बेहतर विकल्प हैं।

इसके अलावा लाइफ स्टाइल में ये बदलाव भी एनर्जी लेवल बढ़ाते हैं। जैसे कि सुबह उठकर 10 मिनट तेज वॉक करें।

खाली पेट कोई एक फल खाएं। रोज एक मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स लें। 10 मिनट धूप में बैठें। डीप ब्रीदिंग, योग, मेडिटेशन करें।

15 मिनट पावर नैप लें। खाने में प्रोटीन, फाइबर, फैट, कार्ब का संतुलन रखें। 7-8 घंटे की पूरी नींद लें।

# साइबर ठगी से बचाव ही असली सुरक्षा, जागरूकता जरूरी - डॉ. फिरोज अख्तर



बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फिरोज अख्तर ने की। डॉ. अख्तर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग की जानकारी होना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने ऑनलाइन लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। उनका कहना था कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी हथियार है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नशा मुक्ति प्रभारी लीला गुर्जर ने फर्जी बैंक कॉल और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने छात्राओं को अंजान व्यक्तियों को ओटीपी या निजी जानकारी न देने और केवाईसी से जुड़े किसी भी कार्य के लिए सीधे बैंक जाकर संपर्क करने की सलाह दी। महिला नीति प्रभारी डॉ. हेमलता शर्मा ने डिजिटल सुरक्षा पर जोर देते हुए मजबूत पासवर्ड के उपयोग, व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखने और संदिग्ध लिंक से दूर रहने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. हेमलता शर्मा ने किया। इस अवसर पर रविना मीना, सवाई सिंह गुर्जर, धर्मेन्द्र कुमार सेहरा, नितिन कुमार मीना, डॉ. रविन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. जितेन्द्र कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नगर पालिका कपासन के प्रशासक पद पर उपखंड अधिकारी राजेश सुवालका ने कार्यभार ग्रहण किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** उपखण्ड अधिकारी राजेश सुवालका द्वारा शनिवार को नगर पालिका कपासन के प्रशासक पद का कार्यभार ग्रहण किया गया। नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार निर्वाचित बोर्ड के गठन होने तक नगर पालिका की शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों तथा कृत्यों का पालन करने के लिए उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को नगर पालिका कपासन का प्रशासक नियुक्त किया गया है। उक्त आदेशों की पालना में उपखण्ड अधिकारी राजेश सुवालका द्वारा शनिवार मध्याह्न पूर्व नगर पालिका कपासन के प्रशासक पद का कार्यभार ग्रहण किया गया।इस मौके पर नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर,वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार, कनिष्ठ सहायक प्रकाश शर्मा,नंदलाल मेनारिया, स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,कार्यवाहक स्वास्थ्य जमादार विजय कोदली,विशाल कोदली, कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार खटीक सहित पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

## रावतभाटा की मेधावी बेटी नंदिनी लाहोटी ने ऑल इंडिया टॉप कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

बढ़ता राजस्थान



**कपासन/रावतभाटा (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** रावतभाटा नगर की मेधावी बेटी नंदिनी लाहोटी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।नंदिनी लाहोटी ने यूजीसी-एनईटी दिसंबर 2025 परीक्षा में मनोविज्ञान विषय से 99.9955115 पर्सेंटाइल प्राप्त कर जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेशर के लिए क्वालिफाई किया है। उल्लेखनीय है कि रावतभाटा नगर की मेधावी बेटी नंदिनी लाहोटी ने कुल 300 में से 256 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 (रद्धक्र-1) प्राप्त की है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ह्ञ्ज्र) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस विषय में देशभर से 29,367 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी।जिसमें नंदिनी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।जिससे लाहोटी परिवार सहित नगर रावतभाटा एवं सभी के लिए गौरवान्वित करने वाला शुभ पल है।मेधावी बेटी नंदिनी की सफलता ने साबित कर दिया कि छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं।नंदिनी लाहोटी डॉ. मनीष लाहोटी एवं डॉ. नीतू लाहोटी की सुपुत्री हैं।माता-पिता चिकित्सक हैं।प्रारंभ से ही नंदिनी की शिक्षा एवं अनुशासन को विशेष महत्व दिया।नंदिनी की सफलता कठोर परिश्रम,आत्मविश्वास,अनुशासन तथा निरंतर अध्ययन का परिणाम है।नंदिनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्रीय शिक्षा जगत,सामाजिक संगठनों व रावतभाटा नगरवासियों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुवे माता-पिता का मुंह मीठा कराकर बधाई दी गयी।

## राजस्थान ललित कला अकादमी की 66वीं वार्षिक प्रदर्शनी में चमकेगी भीलवाड़ा की कलाकार दीपिका पाराशर

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर द्वारा आयोजित 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी में भीलवाड़ा की प्रतिभाशाली कलाकार दीपिका पाराशर की दो उत्कृष्ट कलाकृतियों का चयन हुआ है। इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी के लिए प्रदेशभर से कुल 64 कलाकृतियों का चयन किया गया है, जिनमें दीपिका की कृतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। प्रदर्शनी में चयनित दीपिका की पहली पेंटिंग 'अनंत की ओर' तथा दूसरी कृति 'प्रकृति का द्वैत' है। दोनों ड्राइंग्स का आकार 4 फीट म 3 फीट है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी दीपिका की कलाकृतियां देश के अनेक प्रमुख शहरों में प्रदर्शित हो चुकी हैं और उन्हें कला जगत में सराहना मिलती रही है। 'अनंत की ओर' कृति प्रकृति की गहराई, निरंतरता और जीवन के प्रवाह को सशक्त रूप में अभिव्यक्त करती है। पत्तियों जैसी बनावट वाले रूप जीवन, विकास और संरक्षण के प्रतीक हैं, जो केंद्र से उठती एक ऊर्जा धारा से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। नीचे की लहरदार संरचनाएँ धरती की परतों अथवा जल की गति का आभास कराती हैं। बारीक रेखांकन और सघन टेक्सचर इस चित्र में धैर्य, संतुलन तथा प्रकृति से मानव के गहरे संबंध की अनुभूति कराते हैं।

वहीं दूसरी कृति 'प्रकृति का द्वैत' एक वृक्ष के माध्यम से जीवन के दो पक्षों को दर्शाती है। एक ओर व्यवस्थित पत्तियाँ अनुशासन, चेतना और विकास का प्रतीक हैं, तो दूसरी ओर गहरे शेड्स और बिखरी बनावट प्रकृति के रहस्यमय एवं भावनात्मक पक्ष को उजागर करती है। केंद्र में स्थित तना संतुलन का प्रतीक बनकर दोनों पहलुओं को जोड़ता है।

# हवा मे उड़ता 'स्वच्छ भारत मिशन',स्वच्छता की उड़ती धज्जियाँ फलवा पंचायत के गांवों में नारकीय जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान





**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट 'स्वच्छ भारत मिशन' को ग्राम पंचायत फलवा में जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार मिलकर पलीता लगा रहे हैं। ग्राम पंचायत फलवा के अंतर्गत आने वाले गांव फलवा, धनोरा, पालड़ी और माल्याखेड़ी इन दिनों गंदगी के अंबार और बजबजाती नालियों की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

सडक़ों पर बह रहा कीचड़, राहगीर और छात्र परेशान

गांवों की स्थिति यह है कि नालियां कीचड़ और मलबे से पूरी तरह अटी पड़ी हैं। निकासी का कोई रास्ता न होने के कारण गंदा पानी और कीचड़ सडक़ों पर फैल रहा है। इससे स्कूलआने जाने वाले विद्यार्थियों और आम राहगीरों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। जगह-जगह रुके हुए गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र में मौसमी बीमारियों और महामारी फैलने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

**महीनों से लापता है कचरा संग्रहण वाहन**

ग्रामीणों का आरोप है कि गांवों में कचरा संग्रहण वाहन (टिपर) पिछले कई महीनों से नहीं आ रहा है। मजबूरन ग्रामीण घरों का कचरा सडक़ों और खाली भूखंडों पर फेंक रहे हैं, जिससे पूरे गांव में गंदगी का साम्राज्य फैल गया है। लाखो रूपये खर्चा कर कचरा वाहन खरीदा गया जो कई महीनों से लापता है।

जिम्मेदारों की अनदेखी, कागजों में सफाई, धरातल पर गंदगी

हैरानी की बात यह है कि सफाई व्यवस्था के लिए कागजों में टेंडर जारी कर ठेकेदार की नियुक्ति कर दी गई है। लेकिन जब ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रशासक भोपाराज टांक और ग्राम विकास अधिकारी रामनिवास धाकड़ से शिकायत की, तो कोई समाधान नहीं निकला।

वहीं, इस मामले में नया मोड़ तब आया जब सफाई ठेकेदार ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि ग्राम पंचायत उसे लंबे समय से भुगतान नहीं कर रही है और न ही उसे टेंडर की कॉपी उपलब्ध कराई गई है।

**एसडीएम से उचित कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने अब उपखंड अधिकारी से गुहार लगाई है कि स्वच्छ भारत मिशन के नियमों की अवहेलना करने वाली ग्राम पंचायत फलवा को पाबंद किया जाए। ग्रामीणों की मांग है कि नालियों की सफाई, गंदे पानी की निकासी की स्थाई व्यवस्था और कचरा संग्रहण वाहन को नियमित रूप से चालू करवाया जाए ताकि जनता को इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

# समग्र शिक्षक अभियान के अंतर्गत 4.49 करोड़ से नवनिर्मित शिक्षा भवन का संसद जोशी एवं विधायक जीनगर ने किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (नि.स.)।** समग्र शिक्षा अभियान पीएबी योजना के अंतर्गत 4.49 रु. करोड़ की लागत से नवनिर्मित शिक्षा भवन का शनिवार को घीसूलाल कोठारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का क्षेत्रीय सांसद सी.पी. जोशी एवं विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा मोली बन्धन खोलकर किया गया।

इस मौके पर सांसद सी.पी. जोशी ने कहाकि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है।साथ ही विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कहाकि कपासन क्षेत्र के लिए उक्त नवीन शिक्षा भवन एक बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी,पूर्व प्रदेश मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चण्डालिया, निवर्तमान नपा कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर,पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रमोद बारेगामा,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, शनिमहाराज मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा, नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष एजाज अली,अशोक विजयवर्गीय,अकील शाह,गोपाललाल पूर्बिया, हीरालाल शर्मा,लता वैष्णव,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष विकास बरेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शम्भूलाल बागड़ा,पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,मोहन शर्मा, राजेश जाजू,सत्यनारायण पलोड़,भागीरथ चंदेल, प्रवीण कोठारी,पूर्व नपा कपासन अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,सोहन खटीक,प्रतीक वैष्णव,कैलाश अहीर, मनोज आचार्य,भगवतीलाल आचार्य,राकेश आचार्य, आशीष नंदवाना,आशीष सोनी,दिनेश सोनी,अधिवक्ता पुरुषोत्तम योगी,गिरिराज वैष्णव,अरुण कोदली, सुनीता सांवला,मीना चण्डालिया,बलजीत कोर,तरुण बरेगामा,अभिनव दुग्गड़,शिव कुमावत,हरिशंकर, अखिलेश तिवाड़ी,छोटू वैष्णव,हरिशंकर,प्रकाश आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का संचालन अश्विन व्यास तथा आभार भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय द्वारा व्यक्त किया गया।यहां आधुनिक सुविधायुक्त नवीन शिक्षा भवन में कक्षाओं हेतु पर्याप्त स्थान, हवादार एवं प्रकाशयुक्त कक्ष,विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था तथा शैक्षणिक गतिविधियों हेतु आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।जिससे विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में गुणात्मक सुधार होगा।

## इतिहास से साक्षात्कार का जीवंत अवसर:वर्द्धमान महाविद्यालय की छात्राओं ने किया अजमेर संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

**सैद्धांतिक अध्ययन को मिला व्यावहारिक आयाम, ऐतिहासिक धरोहरों से रू-बरू हुई छात्राएं**




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय के इतिहास विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं का राजकीय संग्रहालय, अजमेर का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न हुआ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को ऐतिहासिक धरोहरों से प्रत्यक्ष परिचित कराकर सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोडऩा था। वहीं समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने इतिहास विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करने की बात कही भ्रमण के दौरान छात्राओं ने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं का अवलोकन किया, जहां राजपूत कला, प्राचीन मूर्तियां, शिलालेख एवं चित्रकला के उत्कृष्ट उदाहरण प्रदर्शित हैं। इन धरोहरों के माध्यम से छात्राओं को अजमेर के समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व की गहन जानकारी प्राप्त हुई इतिहास विभाग के व्याख्याता कमल किशोर एवं कविता परसोया ने प्रत्येक प्रदर्शनी का महत्व विस्तार से समझाया, जिससे छात्राओं की विषयगत समझ और इतिहास के प्रति रुचि और अधिक प्रबल हुई। छात्राओं ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

## महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को दिया सनातन मंगल महोत्सव का निमंत्रण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार भेंट कर भीलवाड़ा में 19 से 26 फरवरी तक होने वाले सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह का निमंत्रण दिया।

स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि यह आयोजन धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का विराट संगम होगा। राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष ने आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। महोत्सव के दौरान आश्रम के तीन ब्रह्मचारियों को दीक्षा प्रदान की जाएगी तथा देश-विदेश से संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी।

# वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में महेश सर्किल पर हुआ 36 फीट ऊंचे महेश त्रिशूल का विधिवत लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा शहर में कृषि उपज मंडी चौराहा, महेश सर्किल पर नगम निगम द्वारा माहेश्वरी समाज के आराध्य देव भगवान महेश के प्रतीक चिन्ह महेश त्रिशूल का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर राकेश पाठक सहित माहेश्वरी समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर निगम की ओर से महेश सर्किल पर स्थापित 36 फीट ऊंचे महेश त्रिशूल का लोकार्पण महासभा के पुर्व सभापति रामपाल सोनी, महापौर राकेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व सभापति ओम नरानीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाडा, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, ने विधिवत रूप से त्रिशूल का पूजन किया। इस दौरान नगर युवा संगठन अध्यक्ष अर्चित मून्दड़ा व मंत्री अंकित लाखोटिया के सानिध्य मे युवा साथियो द्वारा महेश सर्किल को अलग-अलग फूलों व आकर्षक रंगों की लाइटिंग से सजाया गया। त्रिशूल के स्थापित में नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, तरूण सोमानी, सहित पार्षद कैलाश मून्दड़ा, विजय लढ़ा, शंतिलाल डाड, नेहा कुलदीप शर्मा, आरती शेखावत का सहयोग रहा। कार्यक्रम में अनिल बांगड़, जगदीश कोगटा, प्रहलादराय लढा, राजेन्द्र कचोलिया, सत्येन्द्र बिरला, ओम गटयाणी, सुरेश कचोलिया, रमेश राठी, सुशील मरोठिया, एड.केदार जागेटिया, संजय जागेटिया, राधेश्याम सोमानी, अतुल राठी, प्रहलाद नुवाल, महावीर समदनी, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, कष्णगोपाल जाखेटिया, सत्यनारायण मून्दडा, दिलिप तोषणीवाल, केदार जागेटिया, सीपी कालिया, दिनेश शारदा, सहित महासभा कार्य समिति सदस्य, कार्यकारिणी मंडल सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रादेशिक, जिला, नगर सभा, महिला मंडल, युवा संगठन के पदाधिकारी के साथ ही माहेश्वरी समाज के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने सहभागित निभाई।

**सेवा, संवेदना और समर्पण का संगमः दिव्यांग बच्चों के लिए थेरेपी शिविर बना उम्मीद की किरण**

# संजय इंक्लूसिव स्कूल ब्यावर में दो दिवसीय थेरेपी परामर्श शिविर का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चचियावास (अजमेर) द्वारा संचालित संजय इंक्लूसिव स्कूल, ब्यावर में दो दिवसीय विशाल ऑक्यूपेशनल, स्पीच एवं फिजियो थैरेपी परामर्श शिविर का आयोजन प्रारम्भ हुआ। शिविर के प्रथम दिवस में ब्यावर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 150 से अधिक दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं आवश्यक थेरेपी का लाभ लिया शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. शुभि गुप्ता (विशेषज्ञ, टी.एन. टी. विभाग, पार्श्व नाथ हॉस्पिटल ब्यावर) के सान्निध्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद् अनिल सिखवाल ने की। कार्यक्रम का आगाज माँ सरस्वती एवं बाउजी सागरमल कौशिक की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर संस्था सचिव क्षमा आर. कौशिक एवं उपनिदेशक शिक्षा रणसिंह चीता सहित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया शिविर में दिल्ली, भरतपुर सहित विभिन्न स्थानों से आई विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. कुमुद शर्मा (ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, नई दिल्ली), डॉ. अभिजित पांडे एवं डॉ. सौरभ (स्पीच पैथोलॉजिस्ट), डॉ. तरुणवीर सिंह एवं डॉ. यशोदा जाटोलिया (फिजियोथेरेपिस्ट) शामिल रहे।

विशेषज्ञों ने स्पीच से जुड़ी समस्याएं, चलने-फिरने में कठिनाई, पढऩे-लिखने में समस्या, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, हाइपर एक्टिविटी जैसी चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों को आवश्यक परामर्श एवं थेरेपी प्रदान की संस्था सचिव क्षमा आर. कौशिक ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों एवं व्यक्तियों को एक ही छत के नीचे ऑक्यूपेशनल, स्पीच, फिजियो एवं साइको थैरेपी जैसी सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके डॉ. कुमुद शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के विकास में विभिन्न थेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्य अतिथि डॉ. शुभि गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के शिविर दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को नई आशा, दिशा और चेतना प्रदान करते हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद् अनिल सिखवाल का स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य अभिनंदन व स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर उपनिदेशक शिक्षा रणसिंह चीता ने सभी अतिथियों एवं थेरेपी विशेषज्ञों को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

यूएस ट्रेड डील पर पवन खेड़ा का बड़ा हमला, बोले-

# ये समझौता नहीं, बल्कि आत्मसमर्पण है



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इससे भारत के हितों और आत्मसम्मान से समझौता हुआ है। खेड़ा ने वर्तमान नेतृत्व की तुलना उन पूर्व नेताओं से की जो अमेरिकी समकक्षों के साथ दृढ़ रुख अपनाते थे, जिससे मुखरता में कमी का संकेत मिलता है। उन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों निक्सन, बुश और ओबामा का नाम लेते हुए कहा कि पिछली भारतीय सरकारें वैश्विक महाशक्तियों के साथ बराबरी का व्यवहार करती थीं। खेड़ा ने कहा कि वह भारत कहाँ है जो निक्सन, जॉर्ज बुश और ओबामा की आँखों में आँखें डालकर व्यावहारिक संबंध स्थापित करता था? आज ऐसा क्यों लगता है कि भारत के आम लोगों के हितों को नरेंद्र मोदी और उनके दो मित्रों, अंबानी और अडानी के हितों के आगे दरकिनार कर दिया गया है? यह अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं, बल्कि हमारे आत्मसम्मान के साथ समझौता है।

उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के ढांचे का जश्न मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की भी आलोचना की। खेड़ा ने आगे कहा कि जो लोग इसे जश्न मनाने का कारण बता रहे हैं - नरेंद्र मोदी, उनके विदेश मंत्री और पीयूष गोयल खुद जानते हैं कि असल में क्या हुआ है। यह कोई समझौता नहीं, बल्कि आत्मसमर्पण है। कांग्रेस नेता ने सत्ता के गलियारों में बहस को दबाने के सुनियोजित प्रयास का भी आरोप लगाया। खेड़ा ने दावा किया कि विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी को संसद में इस मामले पर बोलने से बार-बार रोका गया है, और सरकार का खुली बहस से इनकार इस डर से उपजा है कि समझौते की आत्मसमर्पण शर्तें जनता के सामने उजागर हो जाएंगी।

## दिल्ली बाइकर डेथ केस-गड्ढे वाली जगह पर बैरिकेड-लाइट नहीं थे

### साइट का सब-कॉन्ट्रैक्टर गिरफ्तार; 3 इंजीनियरों पर भी केस दर्ज-सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के जनकपुरी में मोटरसाइकिल सवार की मौत के मामले में एफआईआर में कहा गया है कि साइट पर कोई वॉर्निंग साइन, बैरिकेड या लाइटिंग नहीं थी। कोई गार्ड तैनात भी नहीं किया गया था। एफआईआर में कहा गया है कि गड्ढे को बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुला छोड़ दिया गया था।

वहीं, दिल्ली पुलिस ने इस सिलसिले में कंस्ट्रक्शन साइट के एक सब-कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में पता चला कि सब-कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति को घंटों पहले ही दुर्घटना के बारे में बता दिया गया था, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की।

दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को कहा कि सरकार ने इस मामले में लापरवाही के आरोप में तीन इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया है और उन पर लापरवाही का केस भी दर्ज किया गया है। दरअसल 5 फरवरी की देर रात कमल भयानी (25) की दिल्ली जब बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी। 6 फरवरी की सुबह 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद हादसे का पता चला।

## मल्लेश्वरम में माता ललिता का महायज्ञ हुआ संपन्न, 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया पूजन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु स्थित मल्लेश्वरम में देश के वरिष्ठ संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण में देश के प्रगति, विश्व शांति और गरीब कल्याण के ध्येय से आहुत श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ संपन्न हुआ। पूरे विधि विधान से माता ललिता जी का पूजन कर महायज्ञ प्रारंभ हुआ। पांच हजार से अधिक सुहासिनी महिलायें और श्रद्धालुओं ने श्री ललिता सहस्त्रनाम के मंत्रों का करोड़ बार पढ़कर सिंदूर से अर्चन किया।

### 40 शहरों में हो चुका है महायज्ञ का आयोजन

स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के द्वारा अब तक देश के 40 प्रमुख शहरों में श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का आयोजन किया जा चुका है। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण में माता ललिता का 41 वां महायज्ञ संपन्न हुआ। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा, माता ललिता से प्रार्थना है की बंगाल,केरल और तमिलनाडु में सनातनियों पर हो रहे अत्याचार से लड़ने की क्षमता प्रदान करें। देश में गौ माता सुरक्षित है आवश्यकता है बंगाल और केरल जैसे राज्यों में गौ वंश के रक्षा हेतु संघर्ष करने की।

जनगणना-2027 राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन वर्चुअली आयोजित

# राजस्थान में जनगणना प्रथम चरण 16 मई से 14 जून तक, सटीक आंकड़े विकास कार्यो एवं योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार, जनगणना संवैधानिक दायित्व : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सटीक जनगणना विकास योजनाओं का एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के समय संकलित आंकड़ों से ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारण एवं क्रियान्वयन प्रभावशीलता के साथ संभव हो पाता है। इसलिए सभी कार्मिक जनगणना कार्य को राष्ट्रीय कर्तव्य मानकर पूरी निष्ठा से संपन्न करें।

श्री शर्मा शनिवार को जनगणना-2027 पर वर्चुअली आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनगणना के पहले चरण अर्थात मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना का काम जितना सटीक होगा, व्यक्तियों की गणना का अगला चरण उतना ही त्रुटि रहित और सही होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना हमारा संवैधानिक दायित्व है। इससे प्राप्त आंकड़े हमें विकास के स्तर और अपने लक्ष्यों तक पहुंचने की जरूरतों के बारे में बताते हैं। पुख्ता आंकड़ों से ही गांव-शहरों के व्यक्तियों और परिवारों की स्थिति, बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, स्कूल, चिकित्सालय, घरेलू गैस कनेक्शन आदि की उपलब्धता और आवश्यकता के बारे में जानकारी मिलती है। आंकड़े सही नहीं होंगे तो ना तो योजनाएं अच्छे से बन पाएंगी और ना ही इनका क्रियान्वयन लक्ष्यों के अनुरूप हो पाएगा।

श्री शर्मा ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन भी जनगणना आंकड़ों के आधार पर होता है। राष्ट्रीय संसाधनों का यथोचित बंटवारा और आवश्यकतानुसार देय अनुदान एवं सहायता का वितरण भी इन्हीं आंकड़ों पर टिका है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग करते हुए जनगणना कार्य किया जाएगा। साथ ही, मकान सूचीकरण संबंधी प्रथम चरण में दिनांक 1 मई से 15 मई 2026 तक समस्त नागरिकों को स्वगणना का विकल्प भी पहली बार उपलब्ध हो रहा है। इसलिए इससे जुड़ने वाले सभी कार्मिकों का बेहतर एवं गहन प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि



आंकड़ों का पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण संकलन किया जा सके। साथ ही, आमजन में भी व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को इस कार्य में सक्रिय भागीदारी और सहयोग देने हेतु प्रेरित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इस राष्ट्रीय महत्व के काम में अच्छी तरह से निगरानी करें, नियमित समीक्षा बैठकें करें और अपनी टीमों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत आगामी 1 मई से 15 मई तक स्वगणना के विकल्प का प्रयोग एवं 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए कार्मिकों के प्रति संवेदनशीलता रखी जाए। उन्होंने संतुलित कार्यभार सुनिश्चित करने के साथ ही कार्य की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने हेतु संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर्स एवं अन्य समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास, महा रजिस्ट्रार भारत सरकार श्री मृत्युंजय कुमार नारायण सहित वरिष्ठ अधिकारीगण भी कार्यशाला में शामिल हुए।

## मथुरा में एक्सप्रेस-वे पर 6 की मौत, कंटेनर ने रौंदा

### बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे; चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान



बढ़ता राजस्थान

**मथुरा।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस से उतरकर खड़े यात्रियों को तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंद दिया। हादसे में 6 की मौके पर मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। घटना शनिवार तड़के 2.45 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, बस दिल्ली के नागलोई से कानपुर देहात के रसूलाबाद जा रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने ड्राइवर को बाथरूम के लिए बस रोकने को कहा। ड्राइवर ने ग्रीन जोन की बजाय रास्ते में बस रोक दी। कुछ यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए, तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने पहले बस को टक्कर मारी। फिर यात्रियों को रौंद दिया। कंटेनर का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। हाईवे पर लाशें बिछ गईं। कुछ यात्रियों के चहेरे बुरी तरह कुचल गए। इससे उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। परिजनों ने स्वेटर-कपड़ों से उनकी पहचान की। मौके पर लंबा जाम लग गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इस बीच सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया। पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। हिम्मत रखने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## केंद्रीय मंत्री बोले-पाकिस्तान जा रहा सिंधु का पानी रोका जाएगा

### केंद्र सरकार ने तैयार की डीपीआर; राजस्थान समेत 4 राज्यों को मिलेगा फायदा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा- सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान को नहीं दिया जाएगा। पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को रोककर भारत के हित में उपयोग किया जाएगा। इस पानी का लाभ हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली को मिलेगा। उन्होंने कहा- इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से कार्य योजना तैयार की जा रही है। पाकिस्तान जाने वाले पानी को डायवर्ट करने के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। हालांकि, जो पानी मजबूरी में छोड़ा जाता है, उस पर उन्होंने कोई बयान नहीं दिया। पाटिल ने यह भी बताया कि यमुना जल परियोजना पर काम तेज किया जाएगा, ताकि पानी के बेहतर प्रबंधन और उपयोग से राज्यों को ज्यादा लाभ मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को जयपुर में बीजेपी मुख्यालय में मीडिया से ये बात कही। 12 सालों में स्थिर गति से आगे बढ़ी भारत की अर्थव्यवस्था देश की आर्थिक स्थिति पर बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा- पिछले 12 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर गति से आगे बढ़ी है। सरकार ने महंगाई को नियंत्रण में रखा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पर भी निशाना साधा।

पाटिल ने कहा- वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री होने के बावजूद अपने कार्यकाल में भारत की अर्थव्यस्था को वैश्विक रैंकिंग में 10-11वें स्थान से आगे नहीं ले जा सके, जबकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। कर सुधारों का सकारात्मक असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यमुना जल परियोजना पर जल्द शुरू होगा काम यमुना जल परियोजना को लेकर



केंद्रीय मंत्री पाटिल ने कहा- यमुना के पानी पर राजस्थान का अधिकार था, लेकिन पिछली सरकारों ने इस दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए। अब हरियाणा और राजस्थान सरकार के बीच डीपीआर तैयार करने पर सहमति बन चुकी है। जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू होगा।

उन्होंने बताया- पाइपलाइन के जरिए पानी लाने की इस योजना की अनुमानित लागत 77 हजार करोड़ से 1 लाख करोड़ रुपए तक हो सकती है। फिलहाल सबसे कम पानी राजस्थान के पास है, लेकिन आने वाले समय में सबसे अधिक पानी राजस्थान के पास होगा। मुख्यमंत्री इस मुद्दे को लेकर लगातार केंद्र से संवाद कर रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आएगा।

शेखावाटी को मिलेगा यमुना का पानी केंद्रीय मंत्री ने बताया- राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के 3 जिलों को यमुना का पानी उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति दे दी है और अब डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा- सरप्लस पानी का हिस्सा राजस्थान को मिले, इसके लिए तकनीकी स्तर पर काम किया जा रहा है। संशोधित योजना की डीपीआर मंत्रालय को मिल चुकी है, उसका परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण पूरा होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खेती और पेयजल के लिए जनता को पानी देने का उद्देश्य ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने के सवाल पर पाटिल ने कहा- यह फैसला केंद्रीय कैबिनेट स्तर पर होता है। उनका उद्देश्य यह है कि खेती और पेयजल के लिए जनता को पर्याप्त पानी मिले, चाहे निवेश किसी भी सरकार द्वारा किया जाए।

घर-घर पानी पहुंचाना राज्यों की जिम्मेदारी जल जीवन मिशन योजना पर केंद्रीय मंत्री ने कहा- घर-घर पानी पहुंचाना राज्यों की जिम्मेदारी है, लेकिन केंद्र सरकार ने पहली बार इस योजना के तहत राज्यों को 50 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता दी है। योजना से जुड़ी 4 हजार से अधिक शिकायतें सामने आई हैं।

## आंध्र प्रदेश में खंभे से टकराकर खाई में गिरी बस बनी आग का गोला, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में एक स्लीपर बस खाई में गिरने से हादसे का शिकार होई। हादसे के वक्त बस में 30 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को तीस यात्री बाल-बाल बच गए, जब वे जिस प्राइवेट स्लीपर बस में यात्रा कर रहे थे, कथित तौर पर खाई में गिर गई और उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि यह घटना बेंगलुरु-तुमकुर हाईवे पर नेलमंगला के पास हुई। यह हादसा कथित तौर पर ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ, बस पहले एक बिजली के खंभे से टकराई और फिर खाई में गिर गई।

माना जा रहा है कि शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगी।



एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद, सभी यात्री आग फैलने से पहले खुद ही बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि क्या ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय नींद आ गई थी, जिसके कारण गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गई। उन्होंने कहा कि हादसे के सही कारण की जांच चल रही है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# बांग्लादेश को 30 साल बाद नया पीएम मिलेगा

## चुनाव पर भारत-पाक और चीन की नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

बढ़ता राजस्थान

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं।

**हसीना के तख्तापलट के बाद विदेश नीति में बदलाव**-बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।